नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 एवं छत्तीसगढ़ नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियम, 2010 तथा छत्तीसगढ़ शासन के दिशा निर्देश

(2009 का अधिनियम)

हिन्दी - अंग्रेजी में

The Right Of Children To Free And Compulsory Education Act, 2009



सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़े सब बढ़े

NUEPA DC

D14972

राजीव गांधी शिक्षा मिशन
छत्तीसगढ़ रायपुर, द्वारा प्रसारित

379.26
RAJ-KHI



निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार

अधिनियम , 2009

धाराओं का क्रम

धाराएं	विषय		पृष्ठ क्र.
	अध्याय 1	-	1-3
	प्रारंभिक		
1.	संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ।		
2.	परिभाषाएं।		
	अध्याय 2	-	4-5
	निः शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार		
3.	निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार।		
4.	ऐसे बालकों, जिन्हें प्रवेश नहीं दिया गया है या जिन्होंने प्रारंभिक शिक्षा पूरी नहीं की है के लिये विशेष		
5.	अन्य विद्यालय में स्थानांतरण का अधिकार।		
	अध्याय 3	-	6-9
	समुचित सरकार और स्थानीय प्राधिकारी और माता-पिता के कर्त्तव्य		
6.	समुचित सरकार और स्थानीय प्राधिकारी का विद्यालय स्थापित करने का कर्त्तव्य।		
7.	वित्तीय और अन्य उत्तरदायित्वों में हिस्सा बंटाना।		
8.	समुचित सरकार के कर्त्तव्य।		
9.	स्थानीय प्राधिकारी के कर्त्तव्य।		
10.	माता-पिता और संरक्षक का कर्त्तव्य।		
11.	समुचित सरकार द्वारा विद्यालय पूर्व शिक्षा के लिए व्यवस्था करना।		
	अध्याय 4	-	10-16
	विद्यालयों और शिक्षकों के उत्तरदायित्व		
12.	निः शुल्क और अनिवार्य शिक्षा के लिए उत्तरदायित्व की सीमा।		
13.	प्रेवश के लिए प्रतिव्यक्ति फीस और अनुवीक्षण प्रक्रिया का न होना।		
14.	प्रवेश के लिए आयु का सबूत।		
15.	प्रवेश से इंकार न किया जाना।		
16.	रोकने और निष्कासन का प्रतिषेध।		
17.	बालक के शारीरिक दंड और मानसिक उत्पीड़न का प्रतिषेध।		
18.	मान्यता प्रमाणपत्र अभिप्राप्त किए बिना किसी विद्यालय का स्थापित न किया जाना।		
19.	विद्यालय के मान और मानक।		
20.	अनुसूची का संशोधन करने की शक्ति।		

21. विद्यालय प्रबंध समिति।
22. विद्यालय विकास योजना।
23. शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अर्हताएं और सेवा के निबंधन और शर्तें।
24. शिक्षकों के कर्तव्य और शिकायतों को दूर करना।
25. छात्र-शिक्षक अनुपात।
26. शिक्षकों की रिक्तियों का भरा जाना।
27. गैर-शैक्षिक प्रयोजनों के लिए शिक्षकों को अभिनियोजित किये जाने का प्रतिषेध।
28. शिक्षक द्वारा प्राइवेट ट्यूशन का प्रतिषेध।

अध्याय 5 - 17

प्रारंभिक शिक्षा का पाठ्यक्रम और उसका पूरा किया जाना

29. पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रक्रिया।
30. परीक्षा और समापन प्रमाणपत्र।

अध्याय 6 - 18-19

बालकों के अधिकारों का संरक्षण

31. बालक के शिक्षा के अधिकार को मानिटर करना।
32. शिकायतों को दूर करना।
33. राष्ट्रीय सलाहाकार परिषद् का गठन।
34. राज्य सलाहाकार परिषद् का गठन।

अध्याय 7 - 20-22

प्रकीर्ण

35. निर्देश जारी करने की शक्ति।
36. अभियोजन के लिए पूर्व मंजूरी।
37. सद्भावपूर्वक की गई कार्यवाही के लिए संरक्षण।
38. समुचित सरकार की नियम बनाने की शक्ति।

अनुसूची - 23-24

छत्तीसगढ़ निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2009

भाग एक - प्रारंभिक - 28
भाग दो - विद्यालय प्रबंध समिति - 29-30
भाग तीन - निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार - 31
भाग चार - केन्द्रीय सरकार, समुचित सरकार और स्थानीय प्राधिकारी के कर्तव्य और उत्तरदायित्व - 32-34
भाग पाँच - विद्यालयों और अध्यापकों के उत्तरदायित्व - 35-37
भाग छः - अध्यापक - 38-39
भाग सात - पाठ्यचर्या और प्राथमिक शिक्षा का पूरा होना - 40
भाग आठ - बाल अधिकारों का संरक्षण - 41-43
परिशिष्ट - प्ररूप - एक - 44-48
- प्ररूप - दो - 49-51

THE RIGHT OF CHILDREN TO FREE AND COMPULSORY EDUCATION ACT, 2009

No. 35 of 2009

Sec.	Subject	Page No.
	CHAPTER I	1-3
	PRELIMINARY	
1.	Short title, extent and commencement	
2.	Definitions	
	CHAPTER II	4-5
	RIGHT TO FREE AND COMPULSORY EDUCATION	
3.	Right to child to free and compulsory education	
4.	Special provisions for children not admitted to, or who have not completed, elementrary education	
5.	Right of transfer to other school	
	CHAPTER III	6-9
	DUTIES OF APPROPRIATE GOVERNMENT, LOCAL AUTHORITY AND PARENTS	
6.	Duty of appropriate Government and local autthority to establish school	
7.	Sharing of financial and other responsibilities	
8.	duties of appropriate Government	
9.	Duties of local authority	
10.	Duty of parents and guardian	
11.	Appropriate Government to provide for pre-school education	
	CHAPTER IV	10-16
	RESPONSIBILITIES OF SCHOOLS AND TEACHERS	
12.	Extent of school's responsibility for free and compulsory education	
13.	No capitation fee and screening procedure for admission	
14.	Proof of age for admission	
15.	No denial of admission	
16.	Prohibition of holding back and expulsion	
17.	Prohibition of physical punishment and mental harassment to child	
18.	No Shool to be established without obtaining certificate of recognition	
19.	Norms and standard for school.	
20.	Power to amend Schedule	

21. School Management Committee
22. School Developments Plan
23. Qualification for appointment and terms and conditions of service of teachers
24. Duties of teachers and redressal of grievances
25. Pupil-Teacher Ratio.
26. Filling up vacancies of teachers.
27. Prohibition of deployment of teachers for non-educational purposes
28. Prohibition of private tuition by teacher

CHAPTER V - 17

CURRICULUM AND COMPLETION OF ELEMENTARY EDUCATION

29. Curriculum and evaluation procedure
30. Examination and completion certificate

HAPTER VI - 18-19

PROTECTION OF RIGHT OF CHILDREN

31. Monitoring of child's right to education
32. Redressal of grievances
33. Constitution of National Advisory Council
34. Constitution of State Advisory Council

CHAPTER VII - 20-22

MISCELLANEOUS

35. Power to issue directions
36. Previous sanction for prosecution.
37. Protection of action taken in good faith
38. Power of appropriate Government to make rules

THE SCHEDULE - 23-24

Model Rules Under The Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009

Part I	-	Preliminary	-	52
Part II	-	School Management Committee	-	53-54
Part III	-	Right to Children to Free and Compulsory Education	-	55
Part IV	-	Duties an Responsibilities of Central Government, Appropriate Government and Local Authority	-	56-58
Part V	-	Responsibilities of Schools and Teachers	-	59-61
Part VI	-	Teachers	-	62-63
Part VII	-	Curriculum and Completion of Elementary Education	-	64
Part VIII	-	Protection of Right of Children	-	65-67
Form I			-	68-71
Form II			-	72-74
भारत का राजपत्र (The Gazette of India)			-	76-81
Notification			-	82-83
भारत सरकार से जारी दिशा-निर्देश			-	84-89

1. क्रमांक F.No. 1-1/2008-EE-4 (Pt.I) Govt. of India MHRD Deparment of School Education & Literacy New Delhi, 9th june 2010.
2. क्रमांक F.No. 1-4/2010-EE-4 Govt. of India MHRD Deparment of School Education & Literacy New Delhi, 22nd june 2010.
3. क्रमांक F.No. 21-5/2009-EE-XI Govt. of India MHRD Deparment of School Education & Literacy New Delhi, 15th june 2012.
4. क्रमांक F.No. 1-3/2010-EE-4 Govt of India MHRD Deparment of School Education & Literacy New Delhi, 13th july 2012.

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग से जारी दिशा-निर्देश 90-142

1. आदेश क्रमांक एफ 13–6/2009/20–2 रायपुर, दिनांक 17 जुलाई 2009।
2. पत्र क्रमांक एफ 13–47/20/2010/2 रायपुर, दिनांक 12 अप्रेल 2010।
3. पत्र क्रमांक एफ 13–47/20/2010/2 रायपुर, दिनांक 12 अप्रेल 2010।
4. पत्र क्रमांक एफ 13–47/20/2010/2 रायपुर, दिनांक 12 अप्रेल 2010।
5. पत्र क्रमांक एफ 13–47/20/2010/2 रायपुर, दिनांक 12 अप्रेल 2010।
6. पत्र क्रमांक एफ 13–55/2011/20 रायपुर, दिनांक 10 मई 2011।
7. पत्र क्रमांक/एफ–13–47/20/2011/दो/DPI/1093 रायपुर, दिनांक 03.06.2011।
8. पत्र क्रमांक एफ 13–47/20–तीन/पार्ट–3/2011 रायपुर, दिनांक 18.07.2011।
9. पत्र क्रमांक एफ 13–47/20/2010/3 रायपुर, दिनांक 10.08.2011।
10. आदेश क्रमांक एफ 13–47/20–3/11/पार्ट–4 रायपुर, दिनांक 23.08.2011।
11. आदेश क्रमांक एफ 13–47/पार्ट–4/20–3/2011 रायपुर, दिनांक 23.08.2011।
12. आदेश क्रमांक एफ 13–47/20–3/2011/पार्ट–4 रायपुर, दिनांक 23.08.2011।
13. आदेश क्रमांक एफ 13–47/20–3/2011/पार्ट–4 रायपुर, दिनांक 23.08.2011।
14. आदेश क्रमांक एफ 13–47/20–3/2011/पार्ट–4 रायपुर, दिनांक 23.08.2011।
15. आदेश क्रमांक एफ 13–13/20–3/2012 रायपुर, दिनांक 23.03.2012।
16. पत्र क्रमांक एफ 13–19/20–3/2012 रायपुर, दिनांक 13.04.2012।
17. आदेश क्रमांक एफ 13–12/20–3/2012 रायपुर, दिनांक 20.09.2012।
18. पत्र क्रमांक एफ 13–47/2010/20–3 रायपुर, दिनांक 07.01.2013।
19. आदेश क्रमांक एफ 13–47/2010/20–3 रायपुर, दिनांक 09.05.2013।
20. पत्र क्रमांक एफ 13-07/2013/20-3, नया रायपुर, दिनांक 02/08/2013।

THE RIGHT OF CHILDREN TO FREE AND COMPULSORY EDUCATION ACT, 2009

No. 35 of 2009

[27th August, 2009]

An Act to provide for free and compulsory education to all children of the age of six to fourteen years.

Bait enacted by Parliament in the Sixtieth Year of the Republic of India as follows :—

CHAPTER I

PRELIMINARY

1. *(1)* This Act may be called the Right of Children to free and compulsory Education Act, 2009

(2) It shall extend to the whole of India except the State of Jammu and Kashmir.

(3) It shall come into force on such date as the Central Government may, by notification in the Officaial Gazette, appoint.

2. In this Act, unless the context otherwise requires—

(a) "appropriate Government" means—

(i) in relation to a school established, owned or controlled by the Central Government, or the administrator of the Union territory, having no legislature, the Central Government;

(ii) in relation to a school, other than the school referred to in subclause *(i)*, established within the territory of—

(A) a State, the State Government;

(B) a Union territory having legislature, the Government of that Union territory;

नि: शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार

अधिनियम, 2009

(2009 का अधिनियम संख्यांक 35)

27अगस्त, 2009]

छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु के सभी बालकों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का उपबंध करने के लिए अधिनियम

भारत गणराज्य के साठवें वर्ष में संसद द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :-

अध्याय 1

प्रारंभिक

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 है।

(2) इसका विस्तार जम्मू-कश्मीर राज्य के सिवाय संपूर्ण भारत पर होगा।

(3) यह उस तारीख को प्रवृत होगा, जो केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा , नियत करे।

2. इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) ''समुचित सरकार'' से,–

(i) केन्द्रीय सरकार या ऐसे संघ राज्यक्षेत्र के, जिसमें कोई विधान-मंडल नहीं है, प्रशासक द्वारा स्थापित, उसके स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी विद्यालय के संबंध में, केन्द्रीय सरकार,

(ii) उपखंड (i) में विनिर्दिष्ट विद्यालय से भिन्न, -

(क) किसी राज्य के राज्यक्षेत्र के भीतर स्थापित किसी विद्यालय के संबंध में, राज्य सरकार,

(ख) विधान-मंडल वाले किसी संघ राज्यक्षेत्र के भीतर स्थापित विद्यालय के संबंध में उस संघ राज्यक्षेत्र की सरकार, अभिप्रेत है:

(b) "Capitation fee" means any kind of donation or contribution or payment other than the fee notified by the school;

(c) "child" means a male or female child of the age of six to fourteen years;

(d) "child belonging to disadvantaged group" means a child belonging to the Scheduled caste, the Scheduled Tribe, the socially and educationally back ward class or such other group having disadvantage owing to social, cultural, economical, geographical, linguistic, gender or such other factor, as may be specified by the approprite Government, by notification;

(e) "child belonging to weaker section" means a child belonging to such parent or guardian whose annual income is lower than the minimum limit specified by the appropriate Government, by notification;

(f) "elementary education" means the education from first class to eighth class;

(g) "guardian" in relation to a child, means a person having the care and custody of that child and includes a natural guardian or guardian appointed or declared by a court or a statute;

(h) "local authority" means a Municipal Corporation or Municipal Council or Zila Parishad or Nagar Panchayat or Panchayat, by whatever name called, and includes such other authority or body having administrative control over the school or empowered by or under any law for the time being in force to function as a local authoruity in any city, town or village;

(i) "National Commission for Protection of Child Right" means the National Commission for Protection of Child Rights constituted under section 3 of the Commissions for Protection of child Rights Act, 2005;

(j) "notification" means a notification published in the offical Gazette;

(k) "parent" means either the natural or step or adoptive father or mother of a child;

(l) "prescribed" means prescribed by rules made under this Act;

(m) "Schedule" means the Schedule annexed to this Act;

(ख) ''प्रति व्यक्ति फीस'' से विद्यालय द्वारा अधिसूचित फीस से भिन्न किसी प्रकार का संदान या अभिदाय अथवा संदाय अभिप्रेत है:

(ग) ''बालक'' से छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु का कोई बालक या बालिका अभिप्रेत है:

(घ) ''अलाभित समूह का बालक'' से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामाजिक रूप से और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग या सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, भौगोलिक, भाषाई, लिंग या ऐसी अन्य बात के कारण जो समुचित सरकार द्वारा अधिसूचना द्वारा, विनिर्दिष्ट की जाए, अलाभित ऐसे अन्य समूह का कोई बालक अभिप्रेत है;

(ङ) ''दुर्बल वर्ग का बालक'' से ऐसे माता-पिता या संरक्षक का बालक अभिप्रेत है, जिसकी वार्षिक आय समुचित सरकार द्वारा, अधिसूचना द्वारा , विनिर्दिष्ट न्यूनतम सीमा से कम है;

(च) ''प्रारंभिक शिक्षा'' से पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक की शिक्षा अभिप्रेत है;

(छ) किसी बालक के संबंध में संरक्षक से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसकी देखरेख और अभिरक्षा में वह बालक है और इसके अंतर्गत कोई प्राकृतिक संरक्षक या किसी न्यायालय या किसी कानून द्वारा नियुक्त या घोषित संरक्षक भी है;

(ज) ''स्थानीय प्राधिकारी'' से कोई नगर निगम या नगर परिषद् या जिला परिषद् या नगर पंचायत या पंचायत, चाहे जिस नाम से ज्ञात हो, अभिप्रेत हैं और इसके अंतर्गत विद्यालय पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने वाला किसी नगर, शहर या ग्राम में किसी स्थानीय प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए तत्समय प्रवृत किसी विधि द्वारा या उसके अधीन सशक्त ऐसा अन्य स्थानीय प्राधिकारी या निकाय भी है;

(झ) ''राष्ट्रीय बालक अधिकार संरक्षण आयोग'' से बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की
धारा 3 के अधीन गठित राष्ट्रीय बालक अधिकार संरक्षण आयोग अभिप्रेत है;

(ञ) ''अधिसूचना'' से राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना अभिप्रेत है;

(ट) ''माता-पिता'' से किसी बालक का प्राकृतिक या सौतेला या दत्तक पिता या माता अभिप्रेत है;

(ठ) ''विहित'' से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(ड) ''अनुसूची'' से इस अधिनियम के अधीन से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है;

(n) "school" means any recognised school imparting elementary education and includes—

(i) a school establised, owned or controlled by the appropriate Government or a local authority;

(ii) an aided school receiving aid or grants to meet whole or part of its expenses from the appropriate Government or the local authortiy;

(iii) a school belonging to specifiedcategory; and

(iv) an unaided school not receiving any kind of aid or grants to meet its expenses from the appropriate Government or the local authorty;

(o) "screening procedure" means the method of selection for admission of a child, in preference over another, other than a random method;

(p) "specified category", in relation to a school, means a school known as Kendriya Vidyalaya, Navodaya Vidyalaya, Sainik School or any other school having a distinct charater which may be specified, by notification, by the appropriate Government;

(q) "State Commission for Protection of child Rights" means the State Commission for Protection of Child Rights constituted under section 3 of the Commissions for Protection of Child Rights Act, 2005.

****

(ढ) ''विद्यालय'' से प्रारंभिक शिक्षा देने वाला कोई मान्यता प्राप्त विद्यालय अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत निम्नलिखित भी है :-

(I) समुचित सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा स्थापित, उसके स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन कोई विद्यालय;

(II) समुचित सरकार या स्थानीय प्राधिकारी से अपने संपूर्ण व्यय या उसके भाग की पूर्ति करने के लिए सहायता या अनुदान प्राप्त करने वाला कोई सहायताप्राप्त विद्यालय;

(III) विनिर्दिष्ट प्रवर्ग का कोई विद्यालय; और

(IV) समुचित सरकार या स्थानीय प्राधिकारी से अपने संपूर्ण व्यय या उसके भाग की पूर्ति करने के लिए किसी प्रकार की सहायता या अनुदान प्राप्त न करने वाला कोई गैर - सहायता प्राप्त विद्यालय;

(ण) ''अनुवीक्षण प्रक्रिया'' से किसी अनिश्चित पद्धति से भिन्न दूसरों पर अधिमानता में किसी बालक के प्रवेश के लिए चयन की पद्धति अभिप्रेत है;

(त) किसी विद्यालय के संबंध में ''विनिर्दिष्ट प्रवर्ग'' से केन्द्रीय विद्यालय नवोदय विद्यालय, सैनिक विद्यालय के रूप में ज्ञात कोई विद्यालय या किसी सुभिन्न लक्षण वाला ऐसा अन्य विद्यालय अभिप्रेत है जिसे समुचित सरकार द्वारा, अधिसूचना द्वारा, विनिर्दिष्ट किया जाए;

(थ) ''राज्य बालक अधिकार संरक्षण आयोग'' से बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 की धारा 3 के अधीन गठित राज्य बालक अधिकार संरक्षण आयोग अभिप्रेत है।

****

CHAPTER II
RIGHT TO FREE AND COMPULSORY EDUCATION

3. *(1)* Every child of the age of six to fourteen years shall have a right to free and compulsory education in a neighbourhood school till completion of elemen tary education.

(2) For the purpose of sub-section *(1)*, nochild shall be liable to pay any kind of fee or charges or expenses which may prevent him or her from pursuing and completing the elementary education;

Provided that a child suffering from disability, as defined in clause *(i)* of secxtion 2 of the Persons with Disabilities (Equal Opportunities, Protection and Full Participation) Act, 1996, Shall have the right to pursue free and compulsory elementary education in accordance with the provisions of Chapter V of the said Act.

4. Where a child above six years of age has not been admitted in any school or though admitted, could not complete his or her elementary education, then he or she shall be admitted in a class appropriate to his or her age;

Provided further that a child so admitted to elementary education shall be entitlted to free education till compeltion of elementary educatiojn even after fouteen years.

5. *(1)* Where in a school, there is no provision for completion of elementary education, a child shall have a right to seek transfer to any other school, excluding the school specified in sub-clauses *(iii)* and *(iv)* of clause *(n)* of section 2, for completing his or her elementary education.

(2) Where a child is requied to move from one school to another, either within a

अध्याय 2

निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार

3. (1) छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बालक को, प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी आसपास के विद्यालय में निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार होगा।

(2) उपधारा (1) के प्रयोजन के लिए, कोई बालक किसी प्रकार की फीस या ऐसे प्रभार या व्यय का संदाय करने के लिए दायी नहीं होगा, जो प्रारंभिक शिक्षा लेने और पूरी करने से उसे निवारित करेः

परंतु निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 की धारा 2 के खंड (झ) में यथा परिभाषित निःशक्तता से ग्रस्त किसी बालक को उक्त अधिनियम के अध्याय 5 के उपबंधों के अनुसरण में निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार होगा।

4. जहां छह वर्ष से अधिक आयु के किसी बालक को किसी विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया गया है या प्रवेश तो दिया गया है किंतु उसने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी नहीं की है, तो उसे उसकी आयु के अनुसार समुचित कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।

परंतु जहां किसी बालक को, उसकी आयु के अनुसार समुचित कक्षा में सीधे प्रवेश दिया जाता है, वहां उसे अन्य बालकों के समान होने के लिए, ऐसी रीति में और ऐसी समय-सीमा के भीतर, जो विहित किया जाए विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करने का अधिकार होगा।

परंतु यह और की प्रारंभिक शिक्षा के लिए इस प्रकार प्रवेश प्राप्त कोई बालक, चौदह वर्ष की आयु के पश्चात् भी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने तक निःशुल्क शिक्षा का हकदार होगा।

5. (1) जहां किसी विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने की व्यवस्था नहीं है वहां किसी बालक को धारा 2 के खंड (ढ) के उपखंड (III) और उपखंड (IV) में विनिर्दिष्ट विद्यालय को छोड़कर अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के लिए किसी अन्य विद्यालय में स्थानांतरण कराने कर अधिकार होगा।

(2) जहां किसी बालक से किसी राज्य के भीतर या बाहर किसी भी कारण से एक विद्यालय से

state or outside, for any reason whatsoever, such child shall have a right to seek transfer to any other school, excluding the school specified in sub-clauses *(iii)* and *(iv)* of clause *(n)* of section 2, for completing his or her elementary education.

(3) For seeking admission in such other school, the Head-teacher or in-charge of the school where such child was last admitted, shall immediately issue the tranfer certificate;

Provided that delay in producing transfer certificate shall not be a ground for either delaying or denying admission in such other school:

Provided further that the Head-teacher or in-charge of the school delaying issuance of transfer certificate shall be liable for disciplinary action under the service rules applicable to him or her.

****

दूसरे विद्यालय में जाने की अपेक्षा की जाती है, वहां ऐसे बालक को धारा 2 के खंड (ढ) के उपखंढ (III) और उपखंड (IV) में विनिर्दिष्ट विद्यालय को छोड़कर अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के लिए किसी अन्य विद्यालय में, स्थानांतरण कराने का अधिकार होगा।

(3) ऐसे अन्य विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए उस विद्यालय का प्रधान प्राध्यापक या भारसाधक, जहां ऐसे बालक को अंतिम बार प्रवेश दिया गया था, तुरंत स्थानांतरण प्रमाणपत्र जारी करेगाः

परंतु स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में विलंब, ऐसे अन्य विद्यालय मे प्रवेश के लिए विलंब करने या प्रवेश से इंकार करने के लिए आधार नहीं होगाः

परंतु यह और कि स्थानांतरण प्रमाणपत्र जारी करने में विलंब करने वाले विद्यालय का प्रधान अध्यापक या भारसाधक, उसको लागू सेवा नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही के लिए दायी होगा/होगीः

****

CHAPTER III

DUTIES OF APPROPRIATE GOVERNMENT, LOCAL AUTHORITY AND PARENTS

6. For carrying out the provisions of this Act, the appropriate Government and the local authority shall establish, within such area or limits or neighbourhood, as may be prescribed, a school, where it is not so established, within a period of three years from the commencement of this Act.

7. *(1)* The Central Government and the State Governments shall have concurrent responsinbility for the implementation of the provisions of this Act.

(2) The Central Government shall prepare the estimates of capital and recurring expenditure for the implementaion of the provisions of the Act.

(3) The Central Government shall provide to the State Governments, as grants-in-aid of revenues, such percentatge of expenditure referred to in sub-section *(2)* as it may determine, from time to time, in consultaion with the State Governments.

(4) The Central Government may make a request to the President to make a reference to the Finance Commission under sub-clause *(d)* of clause *(3)* of article 280 to examine the need for additional resources to be provided to any State Government so that the said State Government may provide its share of funds for carrying out the provisions of the Act.

(5) Notwithstanding anything contained in sub-section *(4)* the State Government shall, taking into consideration the sums provided by the Central Government to a State Government under sub-section *(3)* , and its resources, be respon sible to provide funds for implenmentation of the provisions of the Act.

(6) The Central Government shall —

(a) develop a framework of national curriculum with the help of academic authority specified under section 29.

(b) develop and enforce standards for trainning of teachers:

(c) provide technical support and resources to the State Government for promoting innovations, researches, planning and capacity building.

8. The appropriate Government shall—

(a) provide free and compulsory elementary education to every child:

Provided that where a child is admitted by his or her parents or guardian, as the case may be in a school other than a school established, owned, controlled or substantially financed by funds provided directly or indirectyly by the appropriate Government or a local authority, such child or his or her parents or guardian, as the case may be, shall not be entiled to make a claim for reimbursement of expenditure incurred on elementary eduction of the child in such other school.

Explanation— The term "compulsory education" means obligation of the appropriate Government to—

(i) provide free elementary education to every child of the age of six to fourteen years; and

(ii) ensure compulsory admission, attendance and completion of elemen tary education by every child of the age of six to fourteen years;

(b) ensure availability of a neighbourhood school as specified in section-6;

(c) ensure that the child belonging to weaker section and the child belonging to disadvantaged group are not discriminated against and prevented from pursuing and completing elementary education on any grounds;

(d) provide infrastructure including school building, teaching staff and learning equipment;

(e) provide special training facility specified in section 4;

(f) ensure and monitor admission, attendance and completion of elementary education by every child;

(g) ensure good quality elementary education conforming to the standards and norms specified in the Schedule;

(ख) शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए मानकों को विकसित और लागू करेगी:

(ग) नवीकरण, अनुसंधान योजना और क्षमता निर्माण के संवर्धन के लिए राज्य सरकार को तकनीकी सहायता और संसाधन उपलब्ध कराएगी।

8. समुचित सरकार -

(क) प्रत्येक बालक को नि:शुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराएगी:

परंतु जहां किसी बालक को, यथास्थिति, उसके माता-पिता या संरक्षक द्वारा, समुचित सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा स्थापित, उसके स्वामित्वाधीन, नियंत्रणाधीन या प्रत्यक्षत: या अप्रत्यक्षत: उपलब्ध कराई गई निधियों द्वारा सारवान् रूप से वित्तपोषित विद्यालय से भिन्न किसी विद्यालय में प्रवेश दिया जाता है, वहां ऐसा बालक या, यथास्थिति, उसके माता-पिता या संरक्षक ऐसे अन्य विद्यालय में बालक की प्राथमिक शिक्षा पर उपगत व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा।

स्पष्टीकरण - अनिवार्य शिक्षा पद से समुचित सरकार की, -

(I) छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बालक को नि:शुल्क प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने: और

(II) छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बालक द्वारा प्राथमिक शिक्षा में अनिवार्य प्रवेश, उपस्थिति और उसको पूरा करने को सुनिश्चित करने की, बाध्यता अभिप्रेत है:

(ख) धारा 6 में यथाविनिर्दिष्ट आसपास में विद्यालय की उपलब्धता को सुनिश्चित करेगी:

(ग) यह सुनिश्चित करेगी कि दुर्बल वर्ग के बालक और अलाभित समूह के बालक के प्रति पक्षपात न किया जाए तथा किसी आधार पर प्राथमिक शिक्षा लेने और पूरा करने से निवारित न हो:

(घ) अवसरंचना, जिसके अंतर्गत विद्यालय भवन, शिक्षण कर्मचारिवृंद और शिक्षा के उपस्कर भी है, उपलब्ध कराएगी:

(ङ) धारा 4 में विनिर्दिष्ट विशेष प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराएगी:

(छ) अनुसूची में विनिर्दिष्ट मान और मानकों के अनुरूप अच्छी क्वालिटी की प्राथमिक शिक्षा सुनिश्चित करेगी:

(h) ensure timely prescribing of curriculum and courses of study for elementary education; and

(i) provide training facility for teachers.

9. Every local authority shall—

(a) provide free and compulsory elementary education to every child:

Provided that where a chaild is admitted by his or her parents or guardian, as the case may be, in a school other than a school established, owned, controlled or substantially financed by funds provided directly or indirectly by the appropriate Government or a local authority, such child or his or her parents or guardian, as the case may be shall not be entiled to make a claim for reimbursement of expenditure incurred on elementary education of the child in such other school;

(b) ensure availability of a neighbourhood school as specified in section 6;

(c) ensure that the child belonging to weaker section and the child belonging to disadvantaged group are not discriminated against and prevented from pursuing and completing elementary education on any grounds;

(d) maintain records of children up to the age of fourteen years residing within its jurisdiction, in such manner as may be prescribed;

(e) ensure and monitor admission, attendance and completion of elementary education by every child residing within its jurisdiction.

(f) provide infrastructure including school building, teaching staff and learning material;

(g) provide special training facility specified in section 4;

(h) ensure good quality elementary education conforming to the standards and norms specified in the Schedule;

(i) ensure timely prescribing of curriculum and coureses of study for elementary education;

(j) provide training facility for teachers;

(ज) प्राथमिक शिक्षा के लिए पाठ्याचार और पाठ्यक्रमों का समय से विहित किया जाना सुनिश्चित करेगीः और

(झ) शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराएगी।

9. प्रत्येक स्थानीय प्राधिकारी -

(क) प्रत्येक बालक को निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराएगाः

परंतु जहां किसी बालक को, यथास्थित , उसके माता-पिता या संरक्षक द्वारा, समुचित सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा स्थापित, उसके स्वामित्वाधीन, नियंत्रणाधीन या प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः उपलब्ध कराई गई निधियों द्वारा सारवान् रूप से वित्तपोषित विद्यालय से भिन्न किसी विद्यालय में प्रवेश दिया जाता है, वहां ऐसा बालक या, यथास्थिति, उसके माता-पिता या संरक्षक ऐसे अन्य विद्यालय में बालक की प्राथमिक शिक्षा पर उपगत व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए कोई दावा करने का हकदार नहीं होगाः

(ख) धारा 6 में यथाविनिर्दिष्ट आसपास में विद्यालय की उपलब्धता को सुनिश्चित करेगीः

(ग) यह सुनिश्चित करेगा कि दुर्बल वर्ग के बालक और अलाभित समूह के बालक के प्रति पक्षपात न किया जाए तथा किसी आधार पर प्राथमिक शिक्षा लेने और पूरा करने से वे निवारित न हो :

(घ) अपनी अधिकारिता के भीतर निवास करने वाले चौदह वर्ष तक की आयु के बालकों के ऐसी रीति में, जो विहित की जाए, अभिलेख करेगाः

(ङ) अपनी अधिकारिता के भीतर निवास करने वाले प्रत्येक बालक द्वारा प्राथमिक शिक्षा में प्रवेश, उपस्थिति और उसे पूरा करने को सुनिश्चित और मानीटर करेगाः

(च) अवसंरचना, जिसके अंतर्गत विद्यालय भवन, शिक्षण कर्मचारिवृंद और शिक्षा साम्रगी भी है, उपलब्ध कराएगाः

(छ) धारा 4 में विनिर्दिष्ट विशेष प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराएगाः

(ज) अनुसूची में विनिर्दिष्ट मान और मानकों के अनुरूप अच्छी क्वालिटी की प्राथमिक शिक्षा सुनिश्चित करेगाः

(झ) प्राथमिक शिक्षा के लिए पाठ्याचार और पाठ्यक्रमों का समय से विहित किया जाना सुनिश्चित करेगाः

(k) ensure admission of children of migrant families;

(l) monitor functioning of schools within its jurisdiction; and

(m) decide the academic calendar.

10. It shall be the duty of every parent or guardian to admit or cause to be admitted his or her child or ward, as the case may be, to an elementary education in the neighbourhood school.

11. With a view to prepare children above the age of three years for elementary education and to provide early childhood care and education for all children until they complete the age of six years, the appropriate Government may make necessary arrangement for providing free pre-school education for such children.

****

(ञ) शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराएगा:

(ट) प्रवासी कुटुंबों के बालकों के प्रवेश को सुनिश्चित करेगा:

(ठ) अपनी अधिकारिता के भीतर विद्यालयों के कार्यकरण को मानीटर करेगा, और

(ड) शैक्षणिक कैलेंडर का विनिश्चय करेगा।

10. प्रत्येक माता-पिता या संरक्षक का यह कर्त्तव्य होगा कि वह आसपास के विद्यालय में कोई प्रारंभिक शिक्षा के लिए अपने, यथास्थिति, बालक या प्रतिपाल्य का प्रवेश कराए या प्रवेश दिलाए।

11. प्राथमिक शिक्षा के लिए तीन वर्ष से अधिक आयु के बालकों को तैयार करने तथा सभी बालकों के लिए जब तक वे छह वर्ष की आयु पूरी करते है, आरंभिक बाल्यकाल देखरेख और शिक्षा की व्यवस्था करने की दृष्टि से समुचित सरकार, ऐसे बालकों के लिए निःशुल्क विद्यालय पूर्व शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर सकेगी।

****

CHAPTER IV
RESPONSIBILITIES OF SCHOOLS AND TEACHERS

12. *(1)* For the purposes of this Act, a school,—

(a) specified in sub-clause *(i)* of clause *(n)* of section 2 shall provide free and compulsory elementary education to all children admitted therein;

(b) specified in sub-clause *(ii)* of clause *(n)* of section 2 shall provide free and compulsory elementary education to such proportion of children ad mitted therein as its annual recurring aid or grants so received bears to its annual recurring expenses, subject to a minimum of twenty-five per cent;

(c) specified in sub-clauses *(iii)* and *(iv)* of clause *(n)* of section 2 shall admit in class I, to the extent of at least twenty-five per cent. of the strength of that class. children belonging to weaker section and disadvantaged group in the neighbourhood and provide free and compulsory elementary education fill its completion;

provided further that where a school specified in clause *(n)* of section 2 imparts pre-school education, the provisions of clauses *(a)* to *(c)* shall apply for admission to such pre- school education.

(2) The school specified in sub-clause *(iv)* of clause *(n)* of section 2 providing free and compulsory elementary education as specified in clause *(c)* of sub-section *(1)* shall be reimbursed expenditure so incurred by it to the extent of per-child-expenditure incurred by the State, or the actual amount charged from the child, whichever is less, in such manner as may be prescribed;

Provided that such reimbursement shall not exceed per-child-expenditure incurred by a school specified in sub-clause *(i)* of clause *(n)* of section 2;

अध्याय 4

विद्यालयों और शिक्षकों के उत्तरदायित्व

12. (1) इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए -

(क) धारा 2 के खंड (ढ) के उपखंड (I) में विनिर्दिष्ट कोई विद्यालय, उसमें प्रविष्ट सभी बालकों को निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा प्रदान करेगाः

(ख) धारा 2 के खंड (ढ) के उपखंड (II) में विनिर्दिष्ट कोई विद्यालय, उसमें प्रवेश कराए गए बालकों के ऐसे अनुपात को, जो इस प्रकार प्राप्त उसकी वार्षिक आवर्ती सहायता या अनुदान का, उसके वार्षिक आवर्ती व्यय से है, न्यूनतम पच्चीस प्रतिशत के अधीन रहते हुए निः शुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराएगा :

(ग) धारा 2 के खंड (ढ) के उपखंड (III) और (IV) में विनिर्दिष्ट कोई विद्यालय, पहली कक्षा में, आसपास में दुर्बल वर्ग और अलाभित समूह के बालकों को, उस कक्षा के बालकों की कुल संख्या के कम से कम पच्चीस प्रतिशत की सीमा तक प्रवेश देगा और निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा, उसके पूरा होने तक, प्रदान करेगाः

परंतु यह और कि जहां धारा 2 के खंड (ढ) में विनिर्दिष्ट कोई विद्यालय, विद्यालय पूर्व शिक्षा देता है वहां खंड (क) से खंड (ग) के उपबंध ऐसी विद्यालय पूर्व शिक्षा में प्रवेश को लागू होगें।

(2) उपधारा (1) के खंड (ग) में यथाविनिर्दिष्ट निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने वाले धारा 2 के खंड (ढ) के उपखंड (IV) में विनिर्दिष्ट विद्यालय की, उसके द्वारा इस प्रकार उपगत व्यय की , राज्य द्वारा उपगत प्रति बालक व्यय की सीमा तक या बालक से प्रभारित वास्तविक रकम तक, इनमें से जो भी कम हो, ऐसी रीति में ,जो विहित की जाए, प्रतिपूर्ति की जाएगीः

परंतु ऐसी प्रतिपूर्ति धारा 2 के खंड (ढ) के उपखंड (I) में विनिर्दिष्ट किसी विद्यालय द्वारा उपगत प्रति बालक व्यय से अधिक नहीं होगीः

Provided further that where such school is already under obiligation to provide free education to a specified number of children on account of it having received any land building, equipment or other facilities, either free of cost or at a concessional rate, such school shall not be entitled for reimbursement to the extent of such obligation.

(3) Every school shall provide such information as may be required by the appropriate Government or the local authority, as the case may be.

13. *(1)* No school or person shall, while admiting a child, collect any capitation fee and subject the child or his or her parents or guardian to any screening procedure.

(2) Any school or person, if in contravention of the provisions of sub section *(1)*,—

(a) receives capitation fee, shall be punishable with fine which may extend to ten times the capitation fee charged;

(b) subjects a child to screening procedure, shall be punishable with fine which may extend to twenty-five thousand rupees for the first contravention and fifty thousand rupees for each subsequent contraventions.

14. *(1)* For the purposes of admission to elementary education, the age of a child shall be determined on the basis of the birth certificate issued in accordance with the provisions of the Births, Deaths and Marriages Registration Act, 1886 or on the basis of such other document, as may be prescribed.

(2) No child shall be denied admission in a school for lack of age proof.

15. A child shall be admitted in a school at the commencement of the academic year or within such extended period as may be prescribed;

provided that no child shall be denied admission if such admission is sought subsequent to the extended period;

परंतु यह और कि जहां ऐसा विद्यालय उसके द्वारा कोई भूमि, भवन उपस्कर या अन्य सुविधाएं या तो निःशुल्क या रियायती दर पर, प्राप्त करने के कारण पहले से ही विनिर्दिष्ट संख्या में बालकों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की बाध्यता के अधीन है, वहां ऐसा विद्यालय ऐसी बाध्यता की सीमा तक प्रतिपूर्ति के लिए हकदार नहीं होगा।

(3) प्रत्येक विद्यालय ऐसी जानकारी जो, यथास्थिति समुचित सरकार या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित हो, उपलब्ध कराएगा।

13. (1) कोई विद्यालय या व्यक्ति, किसी बालक को प्रवेश देते समय कोई प्रति व्यक्ति फीस संग्रहीत नहीं करेगा और बालक या उसके माता-पिता अथवा संरक्षक को किसी अनुवीक्षण प्रक्रिया के अधीन नहीं रखेगा।

(2) कोई विद्यालय या व्यक्ति, यदि उपधारा (1) के उपबंधों के उल्लंघन में,–

(क) प्रति व्यक्ति फीस प्राप्त करता है तो वह जुर्माने से, जो प्रभारित प्रति व्यक्ति फीस के दस गुना तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा:

(ख) किसी बालक को अनुवीक्षण प्रक्रिया के अधीन रखता है तो वह जुर्माने से, जो पहले उल्लघंन के लिए पच्चीस हजार रूपये तक और प्रत्येक पश्चात्वर्ती उल्लंघन के लिए पचास हजार रुपए तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा।

14. (1) प्राथमिक शिक्षा में प्रवेश के प्रयोजनों के लिए किसी बालक की आयु, जन्म, मृत्यु और विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1886 के उपबंधों के अनुसार जारी किए गए जन्म प्रमाणपत्र के आधार पर या ऐसे अन्य दस्तावेज के आधार पर, जो विहित किया जाए, अवधारित की जाएगी।

(2) किसी बालक को, आयु का सबूत न होने के कारण किसी विद्यालय में प्रवेश से इंकार नहीं किया जाएगा।

15. किसी बालक को, शैक्षणिक वर्ष के प्रारंभ पर या ऐसी विस्तारित अवधि के भीतर, जो विहित की जाए, किसी विद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा।

परंतु किसी बालक की प्रवेश से इंकार नहीं किया जाएगा यदि ऐसा प्रवेश विस्तारित अवधि के पश्चात् इंप्सित है:

Provided further that any child admitted after the extended period shall complete his studies in such manner as may be prescribed by the appropriate Government.

16. No child admited in a school shall be held back in any class or expelled from school till the completion of elementary education.

17. *(1)* No child shall be subjected to physical punishment or mental harassment.

(2) Whoever contravenes the provisions of sub-section *(1)* shall be liable to disciplinary action under the service rules applicable to such person.

18. *(1)* No school, other than a school established, owned or controlled by the appropriate Government or the local authority, shall, after the commencements of this Act. be established or function, without obtaining a certificate of recognition from such authority, by making an application in such form and manner, as may be prescribed.

(2) The authority prescribed under sub-section *(1)* shall issue the certificate of recognition in such form, within such period, in such manner, and subject to such condition as may be prescribed;

Provided that no such recognition shall be granted to a school unless it fulfils norms and standards specified under section 19.

(3) On the contravention of the conditions of recognition, the prescribed authority shall, by an order in writing, withdraw recognition.

Provided that such order shall contain a direction as to which of the neighbourhood school, the children studying in the derecognised school, shall be admitted.

Provided further that no recognition shall be so withdrawn without giving an opportunity of being heard to such school, in such mannner, as may be prescribed.

(4) With effect from the date of withdrawal of the recognition under sub-section(3), no such school shall continue to function.

(5) any person who establishes or runs a school without obtaining certificate of recognition, or continues to run a school after withdrawal of recognition, shall

परंतु यह और कि विस्तारित अवधि के पश्चात् प्रवेश प्राप्त कोई बालक ऐसी रीति में, जो समुचित सरकार द्वारा विहित की जाए, अपना अध्ययन पूरा करेगा।

16. किसी विद्यालय में प्रवेश प्राप्त बालक को किसी कक्षा में नहीं रोका जाएगा या विद्यालय से प्राथमिक शिक्षा पूरी किए जाने तक निष्कासित नहीं किया जाएगा।

17. (1) किसी बालक को शारीरिक दंड नहीं दिया जाएगा या उसका मानसिक उत्पीड़न नहीं किया जाएगा।

(2) जो कोई उपधारा (1) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, वह ऐसे व्यक्ति को लागू सेवा नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्रवाई का दायी होगा।

18. (1) समुचित सरकार या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा स्थापित, उसके स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी विद्यालय से भिन्न कोई विद्यालय, इस अधिनियम के प्रारंभ के पश्चात्, ऐसे प्राधिकारी से, ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति में, जो विहित की जाए, कोई आवेदन करके मान्यता प्रमाणपत्र अभिप्राप्त किए बिना स्थापित नहीं किया जाएगा या कार्य नहीं करेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन विहित प्राधिकारी ऐसे प्ररूप में, ऐसी अवधि के भीतर, ऐसी रीति में और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो विहत की जाएं, मान्यता प्रमाण पत्र जारी करेगा:

परंतु किसी विद्यालय को ऐसी मान्यता तब तक अनुदत्त नहीं की जाएगी जब तक वह धारा 19 के अधीन विनिर्दिष्ट मान और मानकों को पूरा नहीं करता है।

(3) मान्यता की शर्तों के उल्लंघन पर, विहित प्राधिकारी लिखित आदेश द्वारा, मान्यता वापस ले लेगा:

परंतु ऐसे आदेश में आसपास के उस विद्यालय के बारे में निदेश होगा जिसमें गैर - मान्यताप्राप्त विद्यालय में अध्ययन कर रहे बालकों को प्रवेश दिया जाएगा:

परंतु यह और कि ऐसी मान्यता को ऐसे विद्यालय को, ऐसी रीति में जो विहित की जाए, सुनवाई का अवसर दिए बिना वापस नहीं लिया जाएगा।

(4) ऐसा विद्यालय, उपधारा (3) के अधीन मान्यता वापस लेने की तारीख से कार्य करना जारी नहीं रखेगा।

(5) कोई व्यक्ति, जो मान्यता प्रमाण-पत्र अभिप्राप्त किए बिना कोई विद्यालय स्थापित करता है

be liable to fine which may extend to one lakh rupees and in case of continuing contraventions, to a fine of ten thousand rupees for each day during which such contravention continues.

19. *(1)* No school shall be established, or recognised, under section 18, unless it fulfils the norms and standards specified in the Schedule.

(2) Where a school established before the commencement of this Act does not fulful the norms and standards specified in the Schedule, it shall take steps to fulfil such norms and standards at its own exspenses, within a period of three years from the date of such commencenment.

(3) Where a school fails to fulfil the norms and standards within the period specified under sub-section *(2)*, the authority prescribed under sub-section *(i)* of section 18 shall withdraw recognition granted to such school in the manner specified under sub-section *(3)* thereof.

(4) With effect from the date of withdrawal of recognition under sub-section (3). no school shall continue to function.

(5) Any person who continues to run a school after the recognition is withdrawn, shall be liable to fine which may extend to one lakh rupees and in case of continuing contraventions, to a fine of ten thousand rupees for each day during which such contravention continues.

20. The Central Government may, by notification, amend the Schedule by adding to, or omitting therefrom, any norms and standards.

21. *(1)* A school, other than a school specified in sub-clause (iv) of clause (n) of section 2, shall constitute a School Management committee consisting of the elected representaives of the local authority, parents of guardians of children admitted in such school and teachers;

Provided that atleast three-fourth of members of such Committee shall be parents or guardians:

Provided futher that proportionate representation shall be given to the parents or guardians of children belonging to disadvantaged group and weaker section:

या चलाता है या मान्यता वापस लेने के पश्चात् विद्यालय चलाना जारी रखता है, जुर्माने से, जो एक लाख रूपये तक का हो सकेगा और उल्लंघन जारी रहने की दशा में जुर्माने से जो ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जिसके दौरान ऐसा उल्लंघन जारी रहता है, दस हजार रूपये तक का हो सकेगा, दायी होगा।

19. (1) किसी विद्यालय को, धारा 18 के अधीन तब तक स्थापित नहीं किया जाएगा, या मान्यता नहीं दी जाएगी जब तक वह अनुसूची में विनिर्दिष्ट मान और मानकों को पूरा नहीं करता है।

(2) जहां इस अधिनियम के प्रारंभ से पूर्व स्थापित कोई विद्यालय अनुसूची में विनिर्दिष्ट मान और मानकों को पूरा नहीं करता है, वहां वह ऐसे प्रारंभ की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के भीतर अपने खर्चे पर ऐसे मान और मानकों को पूरा करने के लिए कदम उठाएगा।

(3) जहां कोई विद्यालय, उपधारा, (2) के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर मान और मानकों को पूरा करने में असफल रहता है, वहां धारा 18 की उपधारा (1) के अधीन विहित प्राधिकारी, ऐसे विद्यालय की अनुदत्त मान्यता को उसकी उपधारा (3) के अधीन विनिर्दिष्ट रीति में वापस ले लेगा।

(4) कोई विद्यालय उपधारा (3) के अधीन मान्यता वापस लेने की तारीख से कार्य करना जारी नहीं रखेगा।

(5) कोई व्यक्ति, जो मान्यता वापस लेने के पश्चात् कोई विद्यालय चलाना जारी रखता है, जुर्माने से जो एक लाख रूपये तक का हो सकेगा और उल्लंघन जारी रहने की दशा में ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जिसके दौरान उल्लंघन जारी रहता है, दस हजार रूपये के जुर्माने का दायी होगा।

20. केन्द्रीय सरकार, अधिसूचना द्वारा, अनुसूची का, उस में किसी मान या मानक को जोड़कर या उससे उसका लोप करके संशोधन कर सकेगी।

21. (1) धारा 2 के खंड (ढ) के उपखंढ (IV) में विनिर्दिष्ट किसी विद्यालय से भिन्न विद्यालय स्थानीय प्राधिकारी, ऐसे विद्यालय में प्रवेश प्राप्त बालकों के माता-पिता या संरक्षक और शिक्षकों के निर्वाचित प्रतिनिधियों से मिलकर बनने वाली एक विद्यायलय प्रबंध समिति का गठन करेगाः

परंतु ऐसी समिति के कम से कम तीन चौथाई सदस्य माता-पिता या संरक्षक होंगेः

Joint Secretary to the Government of India

(To be published in Part II, Section 3, Sub-section (ii) of the Gazette of India, Extraordinary, dated the, ----------, 2010)

Government of India
(Bharat Sarkar)
Ministry of Human Resource Development
(Manav Sansadhan Vikas Mantralaya)
Department of School Education and Literacy
(School Shiksha Evam Saksharta Vibhag)

New Delhi, dated the 16th February, 2010

Notification

S.O.___(E). - In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 1 of the Constitution (Eighty-sixth Amendment) Act, 2002, the Central Government hereby appoints the 1st day of April, 2010 as the date on which the provisions of the said Act shall come into force.

(Anshu Vaish)
Secretary to the Government of India
(F.No. 1-13/2009-EE-4)

To

The Manager,
Government of India Press,
Faridabad

Copy to:

1. All Ministries and Departments of Government of India
2. All Chief Secretaries of States and Union Territories
3. All Education Secretaries of States and Union Territories
4. All Bureau Heads in the Department of School Education & Literacy
5. All Bureau Heads in the Department of Higher Education.
6. PS to HRM
7. PS to MOS
8. Sr. PPS to Secretary (SE&L)

(Anshu Vaish)
Secretary to the Government of India

भारत सरकार से जारी
दिशा निर्देश

F.No.1-1/2008-EE-4(Pt.I)
Government of India
Ministry of Human Resource Development
Department of School Education & Literacy
******

New Delhi, 9th June, 2010

OFFICE MEMORANDUM

Subject: Corrigendum in respect of section 19(1) of the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009.

The undersigned is directed to refer to the Right of Children to Free and Compulsory Education (RTE) Act, 2009 which was published in the Official Gazette on 27th August, 2009 and which has come into force with effect from 1st April, 2010.

2. A corrigendum in respect of Section 19(1) of the RTE Act has been published in the Official Gazette on 27th April, 2010 as under:-

Section 19(1) as published in Official Gazette on 27th August, 2009	Section 19(1) as per corrigendum published on 27th April, 2010
"No school shall be established, or recognized, under section 18, unless it fulfills the norms and standards specified in the Schedule."	"No school shall be established, or recognised under section 18, unless it fulfills the norms and standards specified in the Schedule."

3. A copy of the above mentioned corrigendum is enclosed for information and appropriate action.

Encl: as above

(Vikram Sahay)
Director
Telefax:23381470

All State Education Secretaries/UTs

F. No. 1-4/2010 - EE 4
Government of India
Ministry of Human Resource Development
Department of School Education and Literacy

Room No. 429-A, C Wing, Shastri Bhawan
New Delhi, 22nd June, 2010

To

All Education Secretaries of States/UTs

Subject : Guidelines under section 35(1) of the Right of Children to Free and Compulsory Education (RTE) Act, 2009 regarding implementation of the provisions of section 25(1) - reg.

Sir/Madam,

The Ministry has received representations from State Governments regarding implementation of the provisions of Section 25 (1) of the RTE Act. States have represented that in view of the large number of teacher posts required to be filled up in pursuance of the Pupil Teacher Ratio (PTR) specified in the Schedule to the Act, it may not be possible to complete the recruitment process within the time limit specified in Section 25(1).

2. The matter has been considered in the Ministry. For the purposes of maintaining the PTR under that Section, States may undertake two processes within a period of six months from the commencement of the Act, namely -

i. rationalise the deployment of existing teachers to address the problems of urban-rural and other spatial imbalances in teacher placements; and

ii. initiate the process of recruitment of new teachers to fill vacant posts as per the PTR stipulated in the Schedule.

3. The above Guidelines are issued in exercise of the powers conferred under section 35(1) of the RTE Act. These may be brought to the knowledge of all concerned.

4. This issues with the approval of the competent authority.



(Vikram Sahay)
Director
Telefax : 2338 1470

F.No. 21-5/2009-EE.XI
Government of India
Ministry of Human Resource Development
Department of School Education & Literacy

New Delhi the 15th June, 2012

To,

Ms. L. Sweety. Changsan,
Mission Director,
Assam Sarva Shiksha Abhiyan Mission,
SSA & DPEP, Kahilipara,
Guwahati -781 019
ASSAM.

Subject: . . **Coverage of CWSN under SSA-. Right of Children to Free and Compulsory Education Act.**

Madam,

I am directed to refer to your letter no. SSA/IED/Prog. Imp/135/2006/pt /3242 dated 7th September 2011 on the subject mentioned above.

2. The position is clarified as under:-

Section 3 of the RTE Act says that "Every child of the age of six to fourteen years shall have a right to free and compulsory education in a neighbourhood school till completion of elementary education". Section 3 of the Act also mentions.

Provided that a child suffering from disability, as defined in clause (i) of section 2 of the person with Disabilities (Equal Opportunities, Protection and Full Participation) Act, 1996, shall have the right to pursue free and compulsory elementary education in accordance with the provisions of Chapter V of the said Act.

Hence, in case a child (including CWSN) above 14 years has not completed elementary education s/he would be covered by SSA – RTE as completion of elementary education would be give utmost importance.

3. In addition to RTE provision as mentioned above, point 3(i) of Hand Book for EGS & AIE clearly states that CWSN upto the age of 18 years will be covered. It is accordingly clarified that a CWSN who has not completed elementary education should be kept in the system upto the age of 18 years.

This issues with the approval of Additional Secretary (School Education).

Yours faithfully,

(SUSHIL KUMAR
Under Secretary to the Government of India
Tel No: 2338 66[illegible]
E-mail: vasudeva.sk1@gmail.com

Copy to: SPDs' of all States/UTs- for informaiton

F.No. 1-3/2010-EE-4
Government Of India
Ministry Of Human Resource Development
Department Of School Education & Literacy

Room No. 429-a. "C" Wing, Shastri Bhavan
New Delhi, Dated, 13th July 2012

Subject: **Guidelines under Section 35(1) of the Right of Children to Free and Compulsory Education (RTE) Act, 2009 in respect of Residential Schools – reg.**

The Hon'ble Supreme Court in para 13 of its judgement dated the 12th April, 2012 in WP (C) 95/2010 in the case of Society for Unaided Private Schools of Rajasthan Vs. Union of India and Anr . and similar writ petitions tagged along with directed that appropriate Guidelines under section 35 of the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009 be issued clarifying its applicability to boarding or residential schools.

2. The aforementioned issue has arisen in the context of applicability of the provisions of clause (c) of sub-section (1) of section 12 of the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009 on private unaided schools. In the said section it has been, inter alia, provided that children belonging to weaker section and disadvantaged group residing in the specified neighbourhood of the school have a right to be admitted therein to the extent indicated in the said clause and provided free and compulsory education till completion of elementary education. In respect of residential schools, however, the applicability of clause (c) of sub-section (1) of section 12 would be limited to day scholars, since only in respect of day scholars can the neighbourhood criterion apply.

3. The provisions of clause (c) of sub-section (1) of section 12 of the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009 shall not apply to the residential schools which start admitting children at classes higher than class I.

4. The aforementioned Guideline may be brought to the knowledge of all concerned for necessary compliance.

(Vikram Sahay)
Director
Telefax: 2338 1470
Email: vikramsahay7@gmail com.

छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग से जारी
दिशा निर्देश

छत्तीसगढ़ शासन

स्कूल शिक्षा विभाग

मंत्रालय

दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

आदेश रायपुर दिनांक 17 जुलाई 2009

क्रमांक एफ 13–6/2009/20–2 / राज्य शासन छत्तीसगढ़ राज्य के सभी शासकीय /अशासकीय /अनुदान प्राप्त शालाओं के शिक्षकों द्वारा बच्चों पर प्रताड़ना के संदर्भ में निम्नानुसार आदेश जारी करता है :–

1. शालाओं में अनुशासन एवं पढ़ाई के लिए बच्चों को किसी भी प्रकार की शारीरिक/ मानसिक प्रताड़ना न दी जाए ।
2. यदि कोई शिक्षक बच्चों को प्रताड़ित करता है,तो प्रताड़ना के स्वरूप के अनुसार एक सप्ताह की नोटिस देकर विभाग द्वारा लघुशास्ति की कार्यवाही की जावेगी ।

प्रताड़ना के प्रकार	दंड का स्वरूप
मृत्यु या गंभीर चोट लगने पर –	कानून के तहत कारावास या आर्थिक दण्ड अथवा दोनों
शिक्षक यदि बच्चे को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करते है जैसे–स्केल से मारना,गाली देना, अपमानित करना,कपड़े उतरवाना, लड़कियों पर फिकरे कसना, अश्लील हरकते करना जिसकी वजह से बच्चे शाला त्यागी अथवा अनियमित उपस्थित होते है तो–	लघु शास्ति एवं अपील नियमानुसार

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
हस्ता0
(बिबियाना तिर्की)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़

पृष्ठांकन क्रमांक/विद्या/सी/शारीरिक प्रताड़ना/2009/459 रायपुर,दिनांक 27.7.09

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग,मंत्रालय दाऊ कल्याण सिंह भवन रायपुर की ओर सूचनार्थ ।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं लेख है कि अपने जिले अन्तर्गत उपरोक्त आदेश को प्रसारित कर पालन कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करावें ।

संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय 27/7/09
छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ शासन

स्कूल शिक्षा विभाग

मंत्रालय

दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

क्रमांक एफ 13–47/20/2010/2/ रायपुर दिनांक 12.4.2010

प्रति,

1. समस्त कलेक्टर,
   छत्तीसगढ़
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी
   समस्त जिला पंचायत
   छत्तीसगढ़
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
   छत्तीसगढ़
4. समस्त सहायक आयुक्त
   आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास विभाग
   छत्तीसगढ़

विषयः–बच्चों के निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अन्तर्गत् अधोसंरचना का आंकलन।

—0—

प्रदेश में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के कम में कक्षा 1 से लेकर 8 तक की शिक्षा शत्–प्रतिशत् 6 से 14 आयु वर्ग के बालकों को अनिवार्यतः उपलब्ध कराई जानी है। इसके अन्तर्गत् सभी शाला प्रवेशी, शाला त्यागी एवं विशेष प्रशिक्षण वाले बच्चे का चिन्हाकन किया जाना है। स्थानीय प्राधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में घर–घर सर्वेक्षण द्वारा सभी बच्चों का उनके जन्म से लेकर 14 वर्षो तक का अभिलेख सार्वजनिक रूप से संधारित करेंगे एवं इन अभिलेखों को पारदर्शीपूर्ण संधारित करते हुए प्रतिवर्ष अद्यतन रखा जाएगा। अभिलेख में प्रत्येक बच्चे संबंधी निम्न जानकारियां होंगी :–

इस अभिलेख में प्रत्येक बच्चो सम्बन्धी निम्न जानकारियाँ होंगी

(a) नाम, लिंग, जन्म तिथि (जन्म प्रमाणपत्र क्रमांक), जन्म स्थान
(b) माता – पिता/पालकों के नाम , पता, व्यवसाय
(c) 6 वर्ष आयु तक प्रवेशित पूर्व प्राथमिक शाला/आंगनबाड़ी केन्द्र
(d) प्रवेशित प्रारम्भिक विद्यालय
(e) बच्चे का वर्तमान पता
(f) यदि स्थानीय प्राधिकरण के कार्यक्षेत्र में बच्चे की शिक्षा अनियमित है तो ऐसे अनियमितता का कारण
(g) बच्चा कानून के अर्थ में कमजोर वर्ग अथवा सुविधावंचित समूह से है इसका विवरण

(i) पलायन और छितरे विरल जनसंख्या के कारण बच्चे की विशेष सुविधाओं/आवासीय सुविधाओं, आयु उपयुक्त प्रवेश, निःशक्तता का विवरण

स्थानीय प्राधिकरण उनके अधिकार क्षेत्र में विद्यालयों में प्रवेशित सभी बच्चों के नाम का प्रत्येक विद्यालय में सार्वजनिक प्रदर्शन सुनिश्चित करेंगे।

2/ राज्य सरकार के द्वारा किसी सेवित क्षेत्र में विद्यालय स्थापित करने का क्षेत्र या सीमाएं निम्नानुसार होगी :—

(अ) कक्षा I-V में बच्चों के सम्बन्ध में बसाहट से एक किलोमीटर की पैदल दूरी के अन्दर विद्यालय स्थापित की जायेगी।

(ब) कक्षा VI-VIII में बच्चों के सम्बन्ध में बसाहट से तीन किलोमीटर की पैदल दूरी के अन्दर विद्यालय स्थापित की जायेगी।

3/ कठिन प्राकृतिक संरचना वाले, भू—स्खलन की आशंका वाले, बाढ़ वाले, सड़कों की कमी वाले क्षेत्रों में विशिष्टीकृत सीमाओं को घटाते हुए ऐसे खतरों को दूर करने के लिए विद्यालय स्थापित की जा सकेगी।

4/ विभाग द्वारा नीजि विद्यालयों के लिए सेवा क्षेत्र का चिन्हांकन किया जावेगा जहाँ बच्चे प्रवेश ले सकेंगे और प्रत्येक सेवित क्षेत्र के लिए ऐसी सूचनाओं को सार्वजनिक की जावेगी। सूचना का प्रकाशन संबंधित विद्यालय, ग्राम पंचायत, नोडल अधिकारी के कार्यालय तथा विकासखण्ड स्थित कार्यालय में किया जावेगा।

5/ ऐसे बच्चे जिनकी निःशक्तता (विकलांगता) उन्हें विद्यालय पहुँचने से रोकती है, राज्य सरकार/स्थानीय प्राधिकरण उन्हें विद्यालय पहुँचने और प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण करने के लिए उचित और सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था करेगी, बच्चों के विद्यालय पहुँचने में सामाजिक और सांस्कृतिक कारकों का बाधक न होना सुनिश्चित की जावेगी।

6/ शासन अथवा अधिकृत स्थानीय प्राधिकरण किसी सेवा क्षेत्र के लिए समीप में विद्यालय का निर्धारण एवं स्थापना के उद्देश्य के लिए विद्यालय मैपिंग, सभी बच्चों का चिन्हांकन दूरस्थ क्षेत्र में बच्चों, निःशक्त बच्चों, सुविधा वंचित समूह के बच्चों, कमजोर वर्ग के बच्चों का निर्धारण एक वर्ष के भीतर एवं उसके बाद प्रतिवर्ष की जावेगी। विद्यालयों में किसी भी बच्चे के साथ जाति, वर्ग, धर्म या लिंग आधारित दुर्व्यव्हार न होना सुनिश्चित करने का दायित्व अधिकृत प्राधिकारी का होगा। कमजोर एवं वंचित समूह वर्ग के बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन, खेल के मैदान, पेयजल एवं शौचलय सुविधाएं एवं कक्षाओं की सफाई में भेदभाव या पक्षपात नही रखा जाएगा।

7/ शासन अथवा शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी निर्धारित तिथि के 3 महीने की अवधि में उनके जिलों के लिए आवश्यक विद्यालयों के प्रस्ताव, सेवित क्षेत्र में विशिष्टिकृत एवं गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों में प्रवेशित जाने वाले छात्रों के व्यय की प्रतिपूर्ति अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आंकलन करेंगे, साथ ही जिला शिक्षा स्थानीय प्राधिकारियों का यह भी दायित्व होगा, कि छात्रों की दर्ज संख्या में होने वाले परिवर्तनों के आधार पर शिक्षक छात्र अनुपात की गणना कर शिक्षकों की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव शासन को व्ययभार की गणना सहित प्रस्तुत करेंगे एवं अपने जिलों में अधिनियम के प्रावधान के अनुसार सभी व्यवस्थाओं को एवं उनके संचालन का सही ढंग से होने का उत्तरदायित्व होने के कारण व्यक्तिशः पहल सुनिश्चित करें।

8/ अतः निम्नांकित कार्यवाही करने के निर्देश दिये जाते हैं :—

1. जिले में सर्वे की प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण की जाए इस हेतु आवश्यक प्रपत्र राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा जिलों को उपलब्ध कराया जावेगा।
2. प्रत्येक नीजि विद्यालयों के लिए सेवा क्षेत्र का निर्धारण क्षेत्र में स्थित विद्यालयवार किया जाए तद्कम में प्रत्येक विद्यालय हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति सुनिश्चित की जावे एवं इसका सार्वजनीकरण भी किया जावे।
3. जिले के शैक्षिक अधिकारी अधोसंरचना एवं शिक्षकों का आंकलन तथा बच्चों पर होने वाले व्ययभार का प्रस्ताव तैयार कर शासन को अधिनियम के प्रावधान के अनुसार प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

पृ.कमांक एफ 13–47/20/2010/2/ रायपुर, दिनांक 12.4.2010

प्रतिलिपि :

1. निज सहायक, मान.मंत्री जी, छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, रायपुर।
2. निज सहायक, मान.मंत्री जी, छ.ग.शासन आदिम जाति, कल्याण विभाग मंत्रालय, रायपुर।
3. मुख्य सचिव के स्टॉफ आफिसर, छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय, रायपुर।
4. सचिव, छ.ग.शासन आदिम जाति, कल्याण विभाग मंत्रालय, रायपुर।
5. आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विकास विभाग, मंत्रालय, रायपुर ।
6. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ ।
7. मिशन संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, छत्तीसगढ़।
8. संचालक, एस.सी.ई.आर.टी., शंकर नगर, रायपुर ।

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन

स्कूल शिक्षा विभाग

मंत्रालय

दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

कमांक एफ 13–47/20/2010/2/ रायपुर, दिनांक 12/4/2010

प्रति,

1. **आयुक्त**
   आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास विभाग
   पं.रविशंकर वि.वि. परिसर
2. **संचालक,**
   लोक शिक्षण संचालनालय
   छत्तीसगढ़
3. **संचालक**
   राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद
   शंकर नगर, रायपुर
4. **मिशन संचालक**
   राजीव गांधी शिक्षा मिशन, छत्तीसगढ़

विषयः–6 से 14 आयु वर्ग के समस्त बच्चों के लिए अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा से संबंधित अधिनियम।

––0––

राज्य में बच्चों का निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 दिनांक 01.04.2010 से प्रभावशील हो गया है। उक्त अधिनियम की छायाप्रति, अधिनियम को दिनांक 01.04.2010 से लागू करने संबंधी भारत शासन द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 16.02.2010 की छायाप्रति, तथा उक्त अधिनियम के कियान्वयन हेतु बनाये जा रहे प्रस्तावित नियम की छायाप्रति नीचे संलग्न है।

(2) आपके द्वारा प्रदेश के 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा देने का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अन्तर्गत् बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक कियान्वयन एजेन्सी से कई तरह की आवश्यक कार्यवाहियां समय–सीमा के भीतर किया जाना अपेक्षित है।

(3) अतः यह निर्देशित किया जाता है, कि अधिनियम के प्रावधानों में आपसे अपेक्षित सभी आवश्यक कार्यवाही समय–सीमा के भीतर किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

पृ.क्रमांक एफ 13–47/20/2010/2/ रायपुर, दिनांक

प्रतिलिपि :

1. निज सहायक, मान.मंत्री जी, छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, रायपुर।
2. निज सहायक, मान.मंत्री जी, छ.ग.शासन आदिम जाति, कल्याण विभाग मंत्रालय, रायपुर।
3. मुख्य सचिव के स्टॉफ आफिसर, छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय, रायपुर।
4. सचिव, छ.ग.शासन आदिम जाति, कल्याण विभाग मंत्रालय, रायपुर।
5. संभागीय आयुक्त, समस्त छत्तीसगढ़।
6. कलेक्टर, समस्त छत्तीसगढ़।
7. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त छत्तीसगढ़।
8. जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त छत्तीसगढ़।
9. सहायक आयुक्त, समस्त छत्तीसगढ़।

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन

स्कूल शिक्षा विभाग

मंत्रालय

दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

कमांक एफ13-47/20/2010/दो रायपुर, दिनांक 12 अप्रैल, 2010

प्रति,

संचालक,
लोक शिक्षण संचालनालय
रायपुर, छत्तीसगढ़।

विषयः–शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 का कियान्वयन–निजी विद्यालयों में बच्चों की भर्ती बावत ।

––0––

शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 राज्य में 01 अप्रैल, 2010 से लागू हो गया है । इस अधिनियम के तहत सभी निजी विद्यालयों में उनके कुल दर्ज संख्या के न्यूनतम 25 प्रतिशत सीटों पर कमजोर एवं वंचित समूह के बच्चों की भर्ती कराया जाना है । नर्सरी अथवा प्राथमिक कक्षाओं में एक किलोमीटर तथा उच्च प्राथमिक कक्षा में 3 किलोमीटर परिधि के भीतर के बच्चों की भर्ती कराया जाना है । इसकी प्रकिया निम्नानुसार प्रस्तावित है :–

a) परिधि अन्तर्गत उपलब्ध शासकीय विद्यालयों में निजी विद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक बच्चे आवेदन करेंगे ।

b) इस हेतु निकटस्थ हाई अथवा हायर सेकण्ड्री स्कूल में प्राचार्य की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी, जिसमें संबंधित शासकीय एवं निजी विद्यालय के प्रधान पाठक / प्राचार्य सदस्य होंगे । इसके अलावा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा अन्य कुछ सदस्य होंगे ।

c) रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा आवेदन करने की प्रकिया बावत जानकारी प्रसारित करने की जवाबदारी इस समिति की होगी ।

d) आवेदक बच्चों के पात्रता की छानबीन तथा निजी विद्यालय की पात्र बच्चों की सूची देने तक की कार्यवाही इस समिति द्वारा की जाएगी ।

e) यदि आवेदक बच्चों की संख्या उपलब्ध सीटों से अधिक होती है, तो पारदर्शी तरीके से लाटरी पद्धति से भर्ती हेतु बच्चों का चयन किया जाएगा । इस प्रकिया को पूर्ण करने की भी जवाबदारी इसी समिति की होगी ।

इस हेतु निम्नानुसार कार्यवाहीं करें ।

सभी निजी विद्यालयों के बावत निम्न जानकारी प्राप्त करें ।

a) शुरूआत की कक्षा यथा नर्सरी, पहली, छठवीं अथवा नववीं ।

b) नर्सरी, पहली, छठवीं में प्रत्येक शाला की दर्ज संख्या ।

c) विद्यालय द्वारा उक्त कक्षाओं हेतु विद्यार्थी से प्रतिवर्ष ली जाने वाली शुल्क की राशि ।

d) विद्यालय में शिक्षा का माध्यम ।

e) विद्यालय जिस बोर्ड से संलग्न है उस बोर्ड का नाम ।

f) उक्त कक्षाओं के सत्र की शुरूआत का दिनांक ।

g) विद्यालय द्वारा निम्नतम 25 प्रतिशत से अधिक कमजोर एवं वंचित समूह के बच्चों को भर्ती देने की तैयार हो तो वे जिस प्रतिशत तक देने तैयार है, वह प्रतिशत ।

2. इन सभी निजी विद्यालयों के एक एवं तीन किलोमीटर परिधि में उपलब्ध अन्य शासकीय, अनुदान प्राप्त अथवा निजी विद्यालय की जानकारी एकत्र करें ।

3. प्रत्येक निजी विद्यालय हेतु उपरोक्त भर्ती समिति के अध्यक्ष जिस स्कूल के प्राचार्य होंगे उस स्कूल को चिन्हित करें ।

4. यह कार्य यथाशीघ्र परंतु 10 दिनो के भीतर पूर्ण करें ।

(नंद कुमार)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

कमांक एफ13-47/20/2010/दो रायपुर, दिनांक 12 अप्रैल, 2010

प्रतिलिपिः–

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ ।
2. समस्त, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, छत्तीसगढ़ ।

की ओर आवश्यक कार्यवाहीं हेतु प्रेषित ।

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन

स्कूल शिक्षा विभाग

मंत्रालय

दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

क्रमांक एफ 13-47/20/2010/2/ रायपुर, दिनांक 12.4.2010

प्रति,

1. समस्त कलेक्टर,
   छत्तीसगढ़
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी
   समस्त जिला पंचायत
   छत्तीसगढ़
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
   छत्तीसगढ़
4. समस्त सहायक आयुक्त
   आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास विभाग
   छत्तीसगढ़

विषय : बच्चों के निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अन्तर्गत् विद्यालयों की मान्यता ।

शिक्षा के अधिकार अधिनियम में वर्णित प्रावधान अनुसार राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा स्थापित स्वामित्व या नियंत्रित विद्यालयों से भिन्न तथा इस नियम के लागू होने से पूर्व स्थापित प्रत्येक विद्यालय को इस कानून के लागू होने की तीन माह की अवधि के भीतर प्रपत्र-1 जो संलग्न प्रेषित है, मे संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों को अनुसूची में वर्णित मानकों और निम्नांकित शर्तों का घोषणा पत्र देना होगा :-

(अ) कि विद्यालय सोसायटिज रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 (1860 का 21) के अधीन पंजीकृत संस्था द्वारा संचालित है, या किसी कानून के अधीन समय विशेष के लिए कार्यकारी पब्लिक ट्रस्ट गठित है।

(ब) कि विद्यालय किसी व्यक्तिगत, समूह या व्यक्तियों के संगठन या अन्य व्यक्तियों के लाभ के लिए संचालित नहीं है।

(स) कि विद्यालय संविधान के पवित्र मूल्यों को सुनिश्चित करती है।

(द) कि विद्यालय भवन या अन्य ढाँचों या मैदान का दिन या रात में व्यावसायिक या आवासीय उपयोग (विद्यालय के कर्मचारियों के आवासीय उद्देश्य को छोड़कर) या राजनैतिक या शैक्षणिक गतिविधियों में किसी भी प्रकार का उपयोग नहीं किया जाता है।

(इ) कि विद्यालय राज्य सरकार/स्थानीय प्राधिकरण द्वारा अधिकृत किसी अधिकारी द्वारा निरीक्षण के लिए खुला है।

(फ) कि शिक्षा संचालक/जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समय पर चाही गई ऐसे प्रतिवेदनों और सूचनाओं को विद्यालय उपलब्ध कराती है और राज्य सरकार/स्थानीय प्राधिकरण द्वारा मान्यता को शर्तों की पूर्ति या विद्यालय के संचालन में कमियों को दूर करने के लिए जारी निर्देशों का पालन करती है।

(2) प्रपत्र 1 में प्राप्त प्रत्येक घोषणा पत्र को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राप्ति के पन्द्रह दिनों के भीतर सार्वजनिक किया जाएगा।

(3) जिला शिक्षा अधिकारी घोषणा पत्र प्राप्ति के तीन महीने के भीतर ऐसे निद्यालयों का स्थल निरीक्षण करेंगे जो उप-नियम (1) में वर्णित मानको और शर्तो की पूर्ति का प्रपत्र 1 में दावा करते हैं।

(4) निरीक्षण उपरांत निरीक्षण प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सार्वजनिक किया जाएगा और मानको और शर्तो की पुष्टि करने वाले विद्यालयों को निरीक्षण तिथि से 15 दिनों के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी प्रपत्र क्र. 2 (संलग्न प्रेषित) में मान्यता स्वीकृत करेंगे।

(5) नियम में वर्णित मानकों और शर्तों की पुष्टि न करने वाले विद्यालयों की जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस हेतु सार्वजनिक आदेश के द्वारा सूची बद्ध की जायेगी और ऐसे विद्यालय अगले ढाई (2) वर्षों के भीतर किसी भी समय जिला शिक्षा अधिकारी को मान्यता की स्वीकृति के लिए स्थल निरीक्षण हेतु निवेदन कर सकते है।

(6) कानून के लागू होने के तीन वर्ष पश्चात उप-नियम (1) में वर्णित मानकों और शर्तों की पुष्टि न करनें वाले विद्यालय संचालन बन्द कर देंगे।

(7) इस कानून के लागू होने के पश्चात राज्य सरकार या स्थानीय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्थापित, स्वामित्व या नियंत्रित विद्यालय से पृथक अन्य सभी विद्यालय मान्यता योग्य होने के लिए उप-नियम (1) में वर्णित मानको और शर्तों की पुष्टि करेंगे।

(8) जिला शिक्षा अधिकारी मान्यता संबंधी कार्यवाही अन्तर्गत् यदि यह पाते हैं कि कोई विद्यालय मान्यता स्वीकृति के लिए एक या अधिक शर्तों का उल्लंघन किया है, या अनुसूची में निर्देशित मानकों और शर्तों की पूर्ति में विफल हैं, तो वे निम्नानुसार कार्यवाही करेंगे :-

(अ) विद्यालय का मान्यता की स्वीकृति की शर्तों के उल्लंघन को उल्लेखित करते हुए नोटिस जारी करेंगे और एक माह के भीतर स्पष्टीकरण प्राप्त करेंगे।

(ब) स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाये जाने या निर्धारित समयावधि के भीतर कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की सिथति में, जिला शिक्षा अधिकारी तीन से पांच सदस्यों की समिति, जिसमें शिक्षा शास्त्री, नागरिक प्रतिनिधि, मीडिया तथा शासकीय प्रतिनिधि होंगे, से विद्यालय का निरीक्षण करायेंगे जो उचित अन्वेषण कर, उसकी मान्यता की निरन्तरता या वापसी की अनुशंसा के साथ अपना प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे।

(स) जिला शिक्षा अधिकारी समिति के प्रतिवेदन को अपनी टिप्पणियों के साथ, शासन अथवा शासन द्वारा अधिकृत राज्य कार्यालय को स्थिति अनुसार अग्रेषित करेंगे।

(9) शासन अथवा शासन द्वारा अधिकृत राज्य कार्यालय संस्था स्थिति अनुसार, अनुशंसाओं के आधार पर अपना निर्णय जिला शिक्षा अधिकारी को भेजेंगे।

(10) जिला शिक्षा अधिकारी राज्य शिक्षा विभाग अथवा उनके द्वारा अधिकृत राज्य कार्यालय के निर्णय के आधार पर विद्यालय की मान्यता निरस्त करने का आदेश जारी करेंगे। अमान्यता आदेश अगले अकादमिक वर्ष से कार्यकारी होगा और उसमें समीप का विद्यालय उल्लेखित होगा जिसमें मान्यता निरस्त किये विद्यालय के बच्चे प्रवेशित होंगे।

(11) शासन द्वारा एतद् द्वारा यह निर्देश दिया जाता है कि, जिला शिक्षा अधिकारी इन निर्देशों के परिपालन में समस्त अशासकीय संस्थाओं को नियमों से अवगत् कराकर मान्यता संबंधी कार्यवाही तत्काल प्रारंभ करेगी एवं अधिनियमों में वर्णित प्रावधान के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

संलग्न :उपरोक्तानुसार।

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

पृ.क्रमांक एफ 13-47/20/2010/2/ रायपुर, दिनांक 12.4.2010

प्रतिलिपि :

1. निज सहायक, मान.मंत्री जी, छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, रायपुर।
2. निज सहायक, मान.मंत्री जी, छ.ग.शासन आदिम जाति, कल्याण विभाग मंत्रालय, रायपुर।
3. मुख्य सचिव के स्टॉफ आफिसर, छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय, रायपुर।
4. सचिव, छ.ग.शासन आदिम जाति, कल्याण विभाग मंत्रालय, रायपुर।
5. आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विकास विभाग, मंत्रालय, रायपुर ।
6. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ ।
7. मिशन संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, छत्तीसगढ़।
8. संचालक, एस.सी.ई.आर.टी., शंकर नगर, रायपुर ।

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन

स्कूल शिक्षा विभाग

मंत्रालय

दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

कमांक F13-55/ /2011/20 रायपुर, दिनांक मई,2011

प्रति,

प्रमुख सचिव,
छ0ग0 शासन,
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,
मंत्रालय,रायपुर

सचिव,
छ0ग0 शासन,
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग,
मंत्रालय,रायपुर

विषय :- निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2009 की धारा 2 के तहत शिक्षकों के लिये निर्धारित न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता ।

संदर्भ :- 1. भारत सरकार, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 23 अगस्त, 2010
2. भारत सरकार को भेजा गया प्रस्ताव, दिनांक 4.5.2011.

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 23 अगस्त, 2010 की छायाप्रति संलग्न है । इस अधिसूचना के अनुसार कक्षा 1 से पांचवी के शिक्षकों के लिये न्यूनतम योग्यता तथा कक्षा छठवी से आठवीं के शिक्षकों की न्यूनतम योग्यता राजपत्र में दर्शायी अनुसार है साथ ही दोनों श्रेणी में राजपत्र के बिन्दू i एवं ii (ख) के अनुसार शिक्षकों को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा दिये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार राज्य द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी) में उत्तीर्ण होना चाहिये ।

कृपया तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध है । भारत सरकार द्वारा इस संबंध में जारी मार्गदर्शी पत्र 8 नवंबर, 2010 के कंडिका-4 के अनुसार अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी) पर शिथिलीकरण संभव नहीं है ।

2/ शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक योगयता में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना एवं बी0एड, डी0एड0 उत्तीर्ण होना प्रत्येक उम्मीदवार को आवश्यक है । गत वर्ष तक शिक्षाकर्मी भरती नियम के तहत छूट देकर उम्मीदवारों की भरती की जा रही थी लेकिन शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद ऐसा करना संभव नहीं है ।

अधिनियम की धारा 23 (2) में वर्णित प्रावधान के कम में न्यूनतम अर्हता में अधिकतम 5 वर्ष की अवधि तक के लिये शिथिलता प्रदान करने हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है । उनसे अभी छूट प्राप्त नही हुआ है । कृपया अवगत होंगे ।

संलग्न– 1. भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 23 अगस्त, 2010
2. भारत सरकार को भेजा गया प्रस्ताव, दिनांक 4.5.2011.

प्रमुख सचिव
छ0ग0 शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

क्रमांक F13-55- /2011/20-3 रायपुर, दिनांक10 मई,2011

प्रतिलिपि :-

संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

प्रमुख सचिव
छ0ग0 शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन

स्कूल शिक्षा विभाग

मंत्रालय–डी. के. एस.भवन, रायपुर

क्रमांक / एफ–13–47 / 20 / 2011 / दो / DPI / 1093 रायपुर, दिनांक 3/6/11

प्रति,

1– संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
छ0ग0 रायपुर ।

2– समस्त कलेक्टर
छत्तीसगढ़

3– मिशन संचालक,
राजीव गांधी शिक्षा मिशन,
राज्य परियोजना कार्यालय, पेंशन बाड़ा,
रायपुर ।

4– समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
छत्तीसगढ़

5– समस्त सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकांस विभाग,
छत्तीसगढ़

विषयः– शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 नीजि स्कूलों में कक्षा पहली में 25 प्रतिशत सीटों का आरक्षण बाबत् ।

संदर्भः– विभागीय समसंख्यक पत्र दिनांक 12.4.2010

–0–

उपरोक्त विषय में विभाग के संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, जिसके माध्यम से वर्ष 2010–11 में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) के कियान्वयन हेतु निर्देश प्रसारित किया गया है । आगामी दिनों में दिनांक 16.6.2011 से नया शिक्षा सत्र वर्ष 2011–12 प्रारंभ होने जा रहा है । अतः अधिनियम की धारा 12 के कियान्वयन हेतु पुनः निम्नानुसार निर्देश जारी किया जाता है:–

(1) निःशुल्क तथा अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) में यह प्रावधान है, कि प्रत्येक गैर अनुदान प्राप्त नीजि शालाओं के द्वारा अपने विद्यालय में कक्षा पहली में आस–पास के कमजोर वर्ग तथा वंचित समूह के बालकों को कक्षा पहली के कुल बालकों की संख्या का कम से कम 25 प्रतिशत संख्या में प्रवेश दिया जावेगा । तात्पर्य यह है, कि प्रत्येक निजि

विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा के स्तर पर कक्षा 1 ली में उपलब्ध कुल सीट संख्या का 25 प्रतिशत सीट कमजोर एवं वंचित वर्ग के बालकों के लिए आरक्षित रखा जावेगा तथा प्रति वर्ष कक्षा पहली में कुल सीट संख्या का 25 प्रतिशत सीट आस–पास के कमजोर एवं वंचित वर्ग के बालकों से भरा जावेगा ।

(2) आस–पास के विद्यालय से आशय प्राथमिक शाला के संदर्भ में बसाहट के 1.00 कि.मी. के भीतर स्थित विद्यालय तथा पूर्व माध्यमिक शाला के संदर्भ में 3.00 कि.मी. की परिधि के भीतर स्थित विद्यालय से होगा । क्षेत्र विशेष में ऐसा हो सकता है कि एक कि.मी. या 3 कि.मी. के भीतर एक से अधिक निजि, शासकीय या दोनों तरह के विद्यालय हो । यह भी संभव है, कि किसी निजि विद्यालय के 1.00 कि.मी. के भीतर भौगोलिक रूप से कोई बसाहट न हो । ऐसी स्थिति में प्रत्येक निजि विद्यालय के वास्तविक सेवा क्षेत्र का निर्धारण क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जावेगा ।

(3) अधिनियम की धारा 12 कि प्रावधानों के अनुसार उपरोक्तानुसार आरक्षण का लाभ केवल वंचित समूह तथा कमजोर वर्ग के लोगों को दिया जाना है । कमजोर वर्ग तथा वंचित समूह को शासन के द्वारा पृथक से अधिसूचित किया जा रहा है तथापि वंचित समूह का आशय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विमुक्त जाति, वन भूमि अधिकार पत्र धारण करने वाले परिवार तथा 40 प्रतिशत निःशक्तता वाले बच्चों से है । इसी प्रकार कमजोर वर्ग से आशय गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों से होगा । इस तरह अधिनियम की धारा 12 के तहत निजि विद्यालय में कक्षा पहली के लिए आरक्षित 25 प्रतिशत सीटो के विरूद्ध प्रवेश की पात्रता केवल उपरोक्त वर्ग के परिवार के बच्चों को ही होगा ।

(4) अधिनियम के प्रावधानों के तहत निजि विद्यालय को मान्यता देने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को सक्षम प्राधिकारी घोषित किया गया है, अतः उपरोक्तानुसार 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर पात्र बच्चों को चयन एवं प्रवेश

देने संबंधी कार्यो का सम्पादन अपने कार्य क्षेत्र के भीतर करने हेतु संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों को अधिकृत किया जाता है ।

(5) जिला शिक्षा अधिकारियो के द्वारा निःशुल्क तथा अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों का क्षेत्र में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जावे । इस हेतु कार्यशाला, जिला स्तरीय, ब्लाक स्तरीय तथा संकुल स्तरीय सम्मेलन एवं कार्यशाला आयोजित किया जावे । दीवाल लेखन, कला जत्था आदि की गतिविधियां भी की जावे ।

(6) प्रत्येक निजि शाला में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों के विरूद्ध बच्चों के चयन एवं प्रवेश दिलाने के लिए निजि शालावार एक–एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जावे । नियुक्त आदेश में शाला का नाम तथा उसके आस–पास के बसाहट, जो कि उक्त शाला के सेवा क्षेत्र में शामिल है, का स्पष्ट उल्लेख किया जावे । प्रत्येक नोडल अधिकारी की जानकारी का आस–पास के क्षेत्र में पर्याप्त प्रचार–प्रसार किया जावे , ताकि लोगों को यह ज्ञात हो सके, कि उन्हें शाला प्रवेश के लिए किस अधिकारी को आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हैं ।

(7) नोडल अधिकारी प्राचार्य शाकीय हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूल स्तर का होना आवश्यक है । यदि निजि विद्यालय के निकट शासकीय हाई/हायर सेकेण्ड्री स्कूल न हो, तो प्रधान पाठक मिडिल स्कूल स्तर का होना आवश्यक है ।

(8) प्रत्येक निजि शालावार नोडल अधिकारी की नियुक्ति जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की जावेगी तथा उसकी सूचना निजि शाला प्रबंधन, विकास खंड शिक्षा अधिकारी तथा आस–पास के बसाहट, ग्राम पंचायत, नगरी निकाय सहित सर्वसंबंधितों को दी जावेगी ।

(9) जो पात्र पालक अपने बच्चों को निजि विद्यालय में कक्षा पहली में आरक्षित 25 प्रतिशत सीट के विरूद्ध भरती करना चाहते हैं, उनके द्वारा स्थानीय स्तर पर ही नोडल अधिकारी को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जावेगा । आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24 जून 2011 निर्धारित की जाती

है । आवेदन पत्र के साथ पालक को कमजोर वर्ग या वंचित वर्ग का होने संबंधी प्रमाण पत्रों की छाया प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा । ऐसा प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत, नगरी निकाय से भी प्राप्त किया जा सकता है, उसे मान्य किया जावे ।

(10) दिनांक 24.6.2011 तक प्राप्त आवेदन पत्र को नोडल अधिकारी द्वारा सूचीबद्ध किया जावे तथा इस बात का परीक्षण भी किया जावे, कि आवेदक परिवार कमजोर वर्ग या वंचित समूह की श्रेणी में आते हैं या नहीं । यह आवेदक परिवार उक्त उक्त श्रेणी में नहीं आते, तो उनका आवेदन अमान्य कर उन्हें तत्काल सूचित किया जावे ।

(11) सभी पात्र परिवारों के बच्चों की संख्या आरक्षित 25 प्रतिशत सीट से कम है, तो आवेदित सभी बच्चों का प्रवेश निजि विद्यालय में कराया जावे, लेकिन यदि बच्चों की संख्या उक्त विद्यालय में आरक्षित सीट संख्या से अधिक है, तो संबंधित पालकों की बैठक आयोजित कर उपलब्ध सीट संख्या के अनुरूप पालकों से ही लाटरी निकाल कर वांछित संख्या में बच्चों का चयन किया जावे । लाटरी निकालने का कार्य पारदर्शी तरीके से किया जावे । यह कार्यवाही दिनांक 30.6.2011 को पूर्ण कर लिया जावे ।

(12) आरक्षित सीट के विरूद्ध प्रवेशित बच्चों की सूची तथा संख्या की जानकारी नोडल अधिकारी द्वारा विकास खंड शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत की जावेगी । विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 10.7.2011 तक पूरे विकास खंड में प्रवेशित बच्चों की शालावार जानकारी तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी जावेगी । जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले में 25 प्रतिशत आरक्षित सीट के विरूद्ध प्रवेशित बच्चों की शालावार जानकारी तैयार कर राज्य को भेजा जावेगा ।

(13) अधिनियम की धारा 12 (2) के प्रावधानों के अनुसार 25 प्रतिशत आरक्षित सीट के विरूद्ध प्रवेशित बच्चों के शिक्षण व्यय का भुगतान राज्य शासन द्वारा किये जाने का प्रावधान है । प्रति छात्र शिक्षण व्यय का निर्धारण राज्य शासन

द्वारा किया जावेगा । अतः जिला शिक्षा अधिकारी शालावार बच्चों की जानकारी शासन की भेजते समय संबंधित शाला द्वारा निर्धारित शुल्क के अनुसार कुल प्रवेशित छात्रों के लिए वास्तविक मांग राशि की जानकारी भी भेजे । यह पुनः स्पष्ट किया जाता है, कि राज्य शासन द्वारा प्रति छात्र व्यय की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा निर्धारित दर या शाला द्वारा निर्धारित दर, इनमें से जो भी कम हो, के आधार पर की जावेगी । अतः निजि विद्यालयों की शुल्क के आधार पर वास्तविक मांग राशि की जानकारी भी अनिवार्य रूप से भेजने की व्यवस्था करें ।

(14) यदि दिनांक 1.7.2011 तक 25 प्रतिशत आरक्षित सीट के विरूद्ध शैक्षणिक संस्था को कोई प्रस्ताव नोड़ल अधिकारी से प्राप्त नहीं होता है, तो उक्त आरक्षित सीटों को आरक्षण से मुक्त माना जायेगा । ऐसे मुक्त किये गये सीटों पर विद्यालय को अपने नियमों के तहत अपने द्वारा चयनित बच्चों को प्रवेश देने का अधिकार होगा ।

कृपया उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करें ।

3/6/11

(एम0के राऊत)
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

पृष्ठां.कमांक/एफ–13–47/20/2011/दो/DPI/1094 रायपुर, दिनांक

प्रतिलिपिः–

1– निज सचिव, माननीय शिक्षा मंत्री, छ0ग0 शासन
2– निज सचिव, माननीय आ.जा.कल्याण मंत्री, छ0ग0 शासन
3– सचिव, आदिम जाति कल्याण विभाग
4– आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग
5– समस्त संभागायुक्त छ0ग0
6– समस्त मुख्य कार्यपालन अधकारी, जिला पंचायत छ0ग0

3/6/11

प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन

स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

===0===

क्रमांक एफ 13–47 / 20–तीन / पार्ट–3 / 2011 रायपुर, दिनांक : / 07 / 2011

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी, *सकल*

....

छत्तीसगढ़ ।

विषय :– शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अंतर्गत कक्षा 1ली से 8वीं तक के समस्त विद्यालयों के लिए कार्य दिवस एवं शिक्षकों के कार्य घण्टा की न्यूनतम संख्या का निर्धारण।

—00—

विषयांतर्गत शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अंतर्गत कक्षा 1ली से 8वीं तक के समस्त विद्यालयों के लिए कार्य दिवस एवं शिक्षकों के कार्य घण्टा की न्यूनतम संख्या का निर्धारण किया जाता है :–

शिक्षकों हेतु साप्ताहिक कार्य एवं समय प्रबंधन (प्राथमिक स्तर)

स. क्र.	कार्य विवरण	समय	प्रतिसप्ताह
1	प्रार्थना एवं उपस्थिति	$\frac{1}{3}$ घण्टा प्रतिदिवस X 6 दिवस	2 घण्टे
2	अध्यापन	4 घण्टे प्रतिदिवस X 6 दिवस	24 घण्टे
3	मध्याह्न भोजन	$\frac{2}{3}$ घण्टा प्रतिदिवस X 6 दिवस	4 घण्टे
4	अध्यापन एवं मूल्यांकन की तैयारी	1 घण्टा प्रतिदिवस X 6 दिवस	6 घण्टे
5	छात्र पोर्टफोलियो संधारण	$\frac{1}{2}$ घण्टा प्रतिदिवस X 6 दिवस	3 घण्टे
6	पालक, समुदाय से चर्चा	1 घण्टा प्रतिसप्ताह	1 घण्टा

7	स्टाफ बैठक	$\frac{1}{2}$ घण्टा प्रतिसप्ताह	$\frac{1}{2}$ घण्टा
8	बच्चों को विशेष सहायता	$\frac{2}{3}$ घण्टा प्रतिदिवस x 6 दिवस	4 घण्टे
9	व्यापक मूल्यांकन हेतु उपकरण निर्माण	$\frac{1}{2}$ घण्टा प्रतिसप्ताह	$\frac{1}{2}$ घण्टा
		कुल समय	$45\frac{1}{2}$ घण्टे

शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के विद्यालय के लिए मान और मानक से संबंधित अनुसूची के पालनार्थ।

अधिनियम में शिक्षकों के लिए प्रतिसप्ताह कार्यघण्टों की न्यूनतम संख्या 45 घण्टे निर्धारित है तथा शैक्षणिक वर्ष में 220 कार्य दिवस एवं छठ्वीं से आठ्वीं कक्षा के लिए प्रति शैक्षणिक वर्ष 1000 शिक्षण घण्टे निर्धारित किये गये हैं।

कार्य विवरण की संक्षिप्त व्याख्या निम्नानुसार है –

कक्षा छठ्वीं से आठ्वीं तक के शिक्षकों के लिए गतिविधियाँ

1. प्रार्थना एवं उपस्थिति –($\frac{1}{3}$ घण्टा अर्थात् 20 मिनट प्रतिदिन)

सभी बच्चे एवं शिक्षक प्रार्थना स्थल में एकत्रित होंगे। राष्ट्रगान/राष्ट्रगीत/प्रार्थना इत्यादि का सस्वर सामूहिक गायन। आज के विचार के अंतर्गत, अनमोल वचन, सूक्तियों, महापुरूषों के प्रेरणात्मक वाक्य, प्रसंग आदि का वाचन बच्चों से करावें। सभा समाप्ति उपरान्त कक्षाओं में बच्चों की उपस्थिति ली जाए।

2. अध्यापन – (4 घण्टे 35 मिनट प्रतिदिन)

बच्चों की उपस्थिति के पश्चात् संज्ञानात्मक एवं सहसंज्ञानात्मक क्षेत्रों में अध्ययन गतिविधियां तथा सभी बच्चों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सतत् मूल्यांकन जारी रखा जाए। संज्ञानात्मक एवं सहसंज्ञानात्मक क्षेत्र निम्नानुसार सुझाये जाते हैं –

- **संज्ञानात्मक (Cognitive)** – इस क्षेत्र के अंतर्गत कक्षा छठ्वीं से आठ्वीं तक पढ़ाये जाने वाले सभी विषयों (भाषा, अंग्रेजी गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा संस्कृत) को सम्मिलित किया जाए।

➢ **सहसंज्ञानात्मक (Co-Cognitive)** – इस क्षेत्र के अंतर्गत निम्नलिखित क्षेत्र सम्मिलित किया जाएं–

(अ) कला, कार्यानुभव एवं शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य

4. **कला–** चित्रकला, संगीतकला, नृत्यकला, हस्तकला,साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आदि।
5. **कार्यानुभव–** बच्चों द्वारा किए गए स्वैच्छिक श्रम सम्बन्धी कार्य, प्रोजेक्ट वर्क आदि।
6. **शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य–** इसके अन्तर्गत योग, खेलकूद, स्काउट गाइड, बुनबुल, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वच्छता, पौष्टिक आहार, विभिन्न मौसमी बीमारियां एवं बचाव के टीके संबन्धी जानकारी, अपने आस–पास की स्वच्छता आदि सम्बन्धी गतिविधियां।

(ब) सामाजिक एवं व्यक्तिगत गुण, अभिवृत्ति एवं मूल्य–

1. अभिववृत्ति 2. जीवन कौशल 3. पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता

3. मध्याह्न भोजन – ($\frac{2}{3}$ घण्टा अर्थात् 40 मिनट प्रतिदिन)

इस अवधि में बच्चों को मध्याह्न भोजन दिया जाएगा।

4. अध्यापन एवं मूल्यांकन की तैयारी – ($\frac{2}{3}$ घण्टा अर्थात् 40 मिनट प्रतिदिन)

इसके अन्तर्गत किए जाने वाले कार्यों में से कुछ निम्नानुसार हो सकते हैं–

➢ शिक्षक द्वारा अध्यापन एवं मूल्यांकन योजना निर्माण,
➢ बच्चों के लिए आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की तैयारी,
➢ टी.एल.एम. का निर्माण,
➢ बच्चों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के तरीके,
➢ बच्चों के समूह में कार्य करने की योजना,
➢ सीखने –सिखाने की प्रक्रिया में सहभागिता बढ़ाने के लिए बच्चों के समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली चुनौतियों की तैयारी,
➢ विषयवस्तु की समझ विकसित करने हेतु पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त अन्य पठन सामग्री का अध्ययन, नवीन प्रायोजनाएँ ढूंढना
➢ पुस्तकालय, पुस्तक कोना, लर्निंग कार्नर आदि का उपयोग बच्चें समुचित ढंग से कर सकें इस हेतु तैयारी,
➢ नई सूचनाएँ प्राप्त करना,
➢ कक्षागत् प्रक्रिया के क्रियान्वयन में गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निरन्तर नये–नये तरीके ढूंढना एवं अन्य तैयारियां की जाए।

5. छात्र पोर्टफोलियो का संधारण – ($\frac{1}{2}$ घण्टा प्रतिदिन 4 दिवस)

प्रत्येक बच्चे का एक पोर्टफोलियो संधारित किया जाए इसमें मुख्यतः निम्नांकित जानकारी समाविष्ट की जाए –

- बच्चों की सामान्य जानकारी :- नाम, माता–पिता का नाम, वजन, ऊँचाई रक्त समूह, शरीरिक एवं स्वास्थ्य संबंधी अन्य जानकारी, पारिवारिक जानकारी आदि।
- रूचि के क्षेत्र
- शैक्षणिक प्रगति
- बच्चों द्वारा किये गये विशेष कार्यों, गतिविधियों जैसे – बनाये गये चित्र, लिखी गई कहानी, कविता या स्वयं का अनुभव तथा अन्य उपलब्धियों आदि का संकलन किया जाए। इसका उद्देश्य बच्चे की पूर्व स्थिति से वर्तमान स्थिति में हुई निरन्तर प्रगति की जानकारी प्राप्त करना है।
  इस पोर्टफोलियो का उद्देश्य किसी भी स्थिति में बच्चों के बीच तुलना करना नहीं है।

6. पालक/समुदाय से चर्चा – (1 घण्टा प्रति सप्ताह)

- शाला त्यागी एवं शाला अप्रवेशी बच्चों को शाला में लाने हेतु पालकों व समुदाय से चर्चा कर समाधान करना।
- विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु पालकों एवं समुदाय से सतत् सम्पर्क कर बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए जागरूकता बढ़ाना।
- गुणात्मक शिक्षा, शैक्षिक सर्वे हेतु सम्पर्क कर कार्यक्रम बनाना।
- बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने हेतु चर्चा।
- विद्यालय की गतिविधियों के संबंध में चर्चा।
- कक्षा – कक्ष प्रक्रिया एवं मूल्यांकन में पालकों का सहयोग लेना।
- छात्र पोर्टफोलियो की अद्यतन जानकारी देना।
- शाला त्यागी एवं शाला अप्रवेशी बच्चों को शाला में लाना।
- समुदाय के कौशल युक्त व्यक्तियों का उपयोग शालेय बच्चों की क्षमता विकास हेतु करना।
- शासन द्वारा लागू कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना।

7. स्टाफ बैठक – ($\frac{1}{2}$ घण्टा प्रतिसप्ताह)

निम्नांकित बिन्दुओं पर चर्चा की जा सकती है –

- शाला त्यागी एवं शाला अप्रवेशी बच्चों को शाला में लाना।
- बच्चों की नियमित उपस्थिति।
- शाला योजना, ईकाई योजना एवं योजना निर्माण, टी.एल.एम. निर्माण एवं समुचित उपयोग।
- कक्षा में वास्तविक अंतः क्रिया एवं उपचारात्मक शिक्षण।
- पाठ्ययचर्चा, पाठ्यक्रम एवं पाठ्यवस्तु।
- बच्चों का सतत् एवं समग्र मूल्यांकन एवं छात्र प्रोफाइल।
- सहसंज्ञानात्मक गतिविधियों पर चर्चा।
- समुदाय की सहभागिता।
- विद्यालय समय – सारिणी।

- प्रत्येक बच्चे की उपलब्धि।
- पुस्तक चर्चा।
- अन्य शिक्षा संस्थानों में हुए उत्तम कार्यो पर चर्चा।
- सीखने – सिखाने की प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं का समाधान।
- शिक्षकों की व्यावसायिक दक्षता वृद्धि।
- शिक्षा का अधिकार कानून के सभी बिन्दुओं का पालन सुनिश्चित करना।

8. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सहायता – ($\frac{2}{3}$ घण्टा अर्थात् 40 मिनट प्रतिदिवस)

- उपचारात्मक शिक्षण
- प्रत्येक बच्चे की अधिगम क्षमता का मूल्यांकन एवं तदनुसार अतिरिक्त पूरक शिक्षण देना।
- बच्चे की संवेगात्मक समस्याओं की पहचान एवं समाधान।
- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को आवश्यकतानुरूप विशेष मदद पहुँचाना।

9. व्यापक मूल्यांकन हेतु उपकरण निर्माण – ($\frac{1}{2}$ घण्टा प्रतिसप्ताह)

- सतत एवं समग्र मूल्यांकन के कियान्वयन हेतु फॉर्मेटिव मूल्यांकन के उपकरण ढूंढना / तैयार करना
- उपकरण का उपयोग कर उसकी उपयोगिता की समीक्षा करना
- अन्य विद्यालयों में मूल्यांकन पर किए गए नवाचारों का संकलन करना।

R. Shandilya

(रीता शाण्डिल्य)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

पृ.कमांक. एफ 13–47/20–तीन/पार्ट–3/2011 रायपुर, दिनांक :18/07/2011

प्रतिलिपि :–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, रायपुर ।
2. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, रायपुर ।
3. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, रायपुर ।
4. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति अनुसूचित जनजाति विकास विभाग, मंत्रालय, रायपुर ।
5. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन विभाग, मंत्रालय, रायपुर ।
6. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर ।
7. प्रबंध संचालक, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, रायपुर ।
8. मिशन संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, रायपर ।

छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन

क्रमांक एफ13–47/20/2010/3 रायपुर, दिनांक 10.8.11

प्रति,

1. **समस्त कलेक्टर,**
   छत्तीसगढ़
2. **समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
   जिला पंचायत, छत्तीसगढ़
3. **समस्त जिला शिक्षा अधिकारी**
   छत्तीसगढ़
4. **समस्त सहायक आयुक्त**
   आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास विभाग
   छत्तीसगढ़

विषय :– **6 से 14 आयु वर्ग आयु के समस्त बच्चों के लिए अनिवार्य तथा निःशुल्क शिक्षा से सबंधित अधिनियम अंतर्गत विद्यालय प्रबंध समिति का गठन ।**

–0–

बच्चों को निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन निःशुल्क बाल शिक्षा अधिनियम 2009 अंतर्गत बनाये गये नियम 2010 के नियम 3 के अनुसार किया जाना है ।

<u>संरचना</u> :

विद्यालय प्रबंध समिति का गठन निम्नानुसार होगा :–

1. विद्यालय प्रबंध समिति में सदस्य संयोजक सहित कुल 16 सदस्य होंगे ।
   समिति के अन्य 15 सदस्य निम्नानुसार प्रवर्ग के होंगे :–
   1.1. समिति के 75 प्रतिशत सदस्य अर्थात 12 सदस्य बच्चों के माता–पिता या पालक होंगे ।
   1.2. समिति के शेष 25 प्रतिशत सदस्यों का चयन निम्नानुसार किया जायेगा :–
      अ. 25 प्रतिशत अर्थात 4 का एक तिहाई सदस्य अर्थात 1 सदस्य स्थानीय प्राधिकरण (पंचायत/नगरीय संस्था) के निर्वाचित सदस्यों में से होगा । जिसका चयन स्थानीय प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा ।
      ब. 25 प्रतिशत अर्थात 4 का एक तिहाई अर्थात 1 सदस्य विद्यालय के अध्यापकों में से होगा । जिसका चयन विद्यालय के अध्यापकों द्वारा किया जायेगा ।

स. 25 प्रतिशत अर्थात 4 का एक तिहाई अर्थात 1 सदस्य स्थानीय शिक्षाविदो/विद्यालय के बालकों में से होगा । जिसका चयन समिति में माता–पिता/पालकों द्वारा किया जायेगा ।

टीप :– विद्यालय प्रबंध समिति में उपर्युक्तानुसार 15 सदस्यों में से 50 प्रतिशत अर्थात 8 पदों पर महिला सदस्य होंगी ।

2. विद्यालय प्रबंध समिति अपने कियाकलापों का प्रबंध करने के लिए माता–पिता/पालक सदस्यों मे से 1 अध्यक्ष और 1 उपाध्यक्ष को निर्वाचित करेगी ।
3. विद्यालय का प्रधान अध्यापक या जिस विद्यालय में प्रधान अध्यापक नहीं है, वहां विद्यालय का वरिष्ठतम अध्यापक विद्यालय प्रबंधन समिति का पदेन सदस्य संयोजक होगा ।

4. बैठक :

विद्यालय प्रबंध समिति माह में कम से कम 1 बार अपनी बैठक करेगी और बैठकों के कार्यवृत्त तथा विनिश्चिय समुचित रूप से अभिलिखित किये जायेंगे और सार्वजनिक किये जायेंगे ।

कोरम :

बैठक हेतु पालक सदस्यों में से एक तिहाई सदस्य अर्थात 4 तथा चयनित सदस्यों में से कम से कम 1 सदस्य की उपस्थिति आवश्यक होगा ।

5. <u>कार्यकाल</u> :

समिति का कार्यकाल शिक्षा सत्र के लिए ही होगा ।

6. <u>पद से मुक्ति :</u>

1. कोई भी सदस्य, सदस्य संयोजक को त्यागपत्र देकर अपनी सदस्यता समाप्त कर सकेगा ।
2. बिना पर्याप्त कारण के लगातार 3 बैठकों में अनुपस्थित रहने से सदस्यता समाप्त हो जायेगी । इसकी सूचना सदस्य संयोजक द्वारा दी जायेगी ।
3. पालक सदस्य की सभी संतानो/पाल्यों के स्कूल छोड़ देने पर अथवा लगातार 1 माह अनुपस्थित रहने पर उसकी सदस्यता समाप्त हो जायेगी, इसकी सूचना सदस्य संयोजक द्वारा दी जायेगी । बच्चों की शारीरिक अस्वस्थता में यह शिथिलनीय होगा ।
4. किसी भी सदस्य की सदस्याता समाप्त होने पर शेष पालक सदस्यों द्वारा उसी प्रकार के सदस्य का चयन किया जायेगा, जिस प्रकार के सदस्य की सदस्यता की समाप्त हुई हो ।

7. <u>कृत्य : कार्य एवं अधिकार</u>

विद्यालय प्रबंध समिति निःशुल्क एवं अनिर्वाय बाल शिक्षा अधिनियम 2009 की धारा 21 की उपधारा 2 के खण्ड क से घ में निश्चिय कृत्यों के अतिरिक्त निम्नलिखित कृत्यों का पालन करेगी ।

i. अधिनियम में यथा प्रतिपादित बालक अधिकारों के साथ ही समुचित सरकार, स्थानीय प्राधिकारी, विद्यालय, माता–पिता और सरंक्षक, के कृर्तव्यों को भी विद्यालय के आसपास के जनसाधरण को सरल और सृजनात्मक रूप से संसूचित करना :
ii. धारा 24 के खण्ड क और ड. तथा धारा 28 का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना
iii. इस बात की मानिटर करना कि अध्यापकों द्वारा धारा 27 में विनिर्दिष्ट कर्तव्यों से भिन्न गैर शैक्षणिक कर्तव्यों का भार न डाला जाए ।
iv. विद्यालय में आसपास के सभी बालःको के नामाकंन और निरंतर उपस्थिति को सुनिश्चित करना ।
v. अनुसूची में विनिर्दिष्ट सनियमों और मानकों के बनाए रखने को मानिटर करना ।
vi. बालक के अधिकारों से किसी विचलन को, विशेष रूप से बालकों के मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न, प्रवेश से इंकार किये जाने ओर धारा 3 की उपधारा 2 के अनुसार निःशुल्क हकदारियों के समयबद्ध उपबंधों को स्थानीय प्राधिकारी की जानकारी में लाना ।
vii. आवश्यकताओं का पता लगाना, योजना तैयार करना और धारा 4 के उपबंधों के कार्यान्वयन को मानिटर करना ।
viii. निःशक्ताग्रसत बालकों की पहचान और नामांकन तथा उनकी शिक्षा की सुविधाओं को मानिटर करना और प्राथमिक शिक्षा में उनके भाग लेने और उसे पूरा करने को सुनिश्चित करना ।
ix. विद्यालयों में दोपहर के भोजन के कार्यान्वयन की मानिटर करना ।
x. विद्यालय की प्राप्तियों और व्यय का वार्षिक लेखा तैयार करना ।

अतः निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत बने नियम 2010 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार उपर्युक्तानुसार प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन सुनिश्चित किया जाये ।

(एम.के.राउत) 16/11
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

क्रमांक एफ13–47/20/2010/3 रायपुर, दिनांक 11.8.11

प्रतिलिपि–

1. निज सहायक, मान.मंत्री जी, छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग।
2. निज सहायक, मान.मंत्री जी, छ.ग. शासन आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्रालय रायपुर।
3. मुख्य सचिव के स्टॉफ आफिसर, छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय, रायपुर।
4. सचिव, छ.ग.शासन आदिम जाति, कल्याण विभाग मंत्रालय, रायपुर
5. आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विकास विभाग, मंत्रालय, रायपुर
6. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़।
7. मिशन संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, छत्तीसगढ़।
8. संचालक, एस.सी.ई.आर.टी., शंकर नगर, रायपुर

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन
:: आदेश ::

रायपुर, दिनांक 23/8/11

कमांक F13-47/20-3/11/पार्ट-4 :: निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, की धारा 38 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा धारा 13 (1) के प्रावधानों के परिपालन में निम्नलिखित आदेशित करती है, कि :-

1. छत्तीसगढ़ राज्य में प्रारंभिक शिक्षा के लिए संचालित कोई भी विद्यालय या व्यक्ति किसी बालक/बालिका को प्रवेश देते समय केपिटेशन फीस संग्रहित नहीं करेगा, और बालक/बालिका या उसके माता-पिता अथवा संरक्षक को किसी अनुवीक्षण प्रकिया के अधीन नहीं रखेगा ।

2. जो कोई विद्यालय या व्यक्ति उपधारा (1) के उपबंधों के उल्लघन में :-

   क. प्रति व्यक्ति फीस प्राप्त करता है, तो वह जुर्माने जो प्रभारित केपिटेशन फीस के दस गुना तक का हो सकेगा, सक्षम प्राधिकारी द्वारा दण्डनीय होगा;

   ख. किसी बालक को अनुवीक्षण प्रकिया के अधीन रखता है, तो वह जुर्माने से जो पहले उल्लंघन के लिए पच्चीस हजार रुपये तक और प्रत्येक पश्चात्वर्ती उल्लंघन के लिए, जो पचास हजार रुपये तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
R. Shandilya
(रीता शांडिल्य)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

क्रमांक F13-47/20-3/2011/पार्ट-4 रायपुर, दिनांक 23/8/11

प्रतिलिपि :

1. निज सहायक, माननीय् मंत्री जी, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय-रायपुर
2. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय-रायपुर
3. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन विभाग, मंत्रालय-रायपुर
4. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग, मंत्रालय-रायपुर
5. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन विभाग, मंत्रालय-रायपुर
6. आयुक्त, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग, रायपुर
7. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर
8. संचालक, पंचायत एवं समाज सेवा, रायपुर
9. मिशन संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, रायपुर
10. संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर
11. संचालक, जनसंपर्क, रायपुर
12. समस्त कलेक्टर, छत्तीसगढ
13. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, छत्तीसगढ

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

R. Shukla
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन
:: आदेश ::

रायपुर, दिनांक

कमांक F13-47/पार्ट-4/20-3/2011 :: निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 38 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा धारा 16 के प्रावधानों के परिपालन में निम्नलिखित आदेशित करती है, कि :-

1. **छत्तीसगढ़ राज्य में प्रारंभिक शिक्षा के लिए संचालित किसी भी विद्यालय में प्रविष्ट बालक/बालिका को प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण होने तथा किसी भी कक्षा में न तो रोका जाएगा और न ही विद्यालय से निष्कासित किया जाएगा ।**

2. **जो उक्त उपबंधो का उल्लंघन करेगा वे प्रचलित सेवा नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही के उत्तरदायी होंगे ।**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
R. Shandilya
(रीता शांडिल्य)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

कमांक F13-47/20-3/2011/पार्ट-4 रायपुर, दिनांक 23/8/11

प्रतिलिपि :

1. निज सहायक, माननीय् मंत्री जी, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय-रायपुर
2. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय-रायपुर
3. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन विभाग, मंत्रालय-रायपुर
4. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग, मंत्रालय-रायपुर
5. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन विभाग, मंत्रालय-रायपुर
6. आयुक्त, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग, रायपुर
7. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर
8. संचालक, पंचायत एवं समाज सेवा, रायपुर
9. मिशन संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, रायपुर
10. संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर
11. संचालक, जनसंपर्क, रायपुर
12. समस्त कलेक्टर, छत्तीसगढ़
13. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, छत्तीसगढ़

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

R. Shandilya
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन

:: आदेश ::

रायपुर, दिनांक

कमांक 13-47/ 20-3/2011/पार्ट-4 निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 38 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा धारा 17 के प्रावधानों के परिपालन में निम्नलिखित आदेशित करती है, कि :-

1. **"प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित किसी विद्यालय में प्रविष्ट विद्यार्थी को शारीरिक दण्ड या मानसिक उत्पीड़न नहीं किया जाएगा"।**

2. **जो कोई उक्त उपबन्धों का उल्लंघन करेगा ऐसे व्यक्ति विभागीय भर्ती नियम एवं सामान्य प्रशासन विभाग के नियम के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही के उत्तरदायी होंगे।**

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

R. Shandilya
(रीता शांडिल्य)
उप सचिव
छत्तीसगढ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

कमांक F13-47/20-3/2011/पार्ट-4 रायपुर, दिनांक 23/8/11

प्रतिलिपि :

1. निज सहायक, माननीय् मंत्री जी, छत्तीसगढ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय-रायपुर
2. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय-रायपुर
3. सचिव, छत्तीसगढ शासन, नगरीय प्रशासन विभाग, मंत्रालय-रायपुर
4. सचिव, छत्तीसगढ शासन, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग, मंत्रालय-रायपुर
5. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन विभाग, मंत्रालय-रायपुर
6. आयुक्त, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग, रायपुर
7. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर
8. संचालक, पंचायत एवं समाज सेवा, रायपुर
9. मिशन संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, रायपुर
10. संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर
11. संचालक, जनसंपर्क, रायपुर
12. समस्त कलेक्टर, छत्तीसगढ
13. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, छत्तीसगढ

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

R. Shandilya
उप सचिव
छत्तीसगढ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन

:: आदेश ::

रायपुर, दिनांक

कमांक F13-47/20-3/2011/पार्ट-4 निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 38 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा धारा 28 के प्रावधानों के परिपालन में निम्नलिखित आदेशित करती है कि :-

1. **"प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के कोई भी शिक्षक या शिक्षा कर्मी निजी ट्यूशन या निजी शिक्षण कियाकलाप में स्वयं को नहीं लगायेगा ।"**

2. **जो कोई उक्त उपबन्धों का उल्लंघन करेगा/करेगी, वे प्रचलित सेवा नियमों के अधीन दण्डित किये जायेंगे ।**

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
R. Shandilya
(रीता शांडिल्य)
उप सचिव
छत्तीसगढ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

कमांक F13-47/20-3/2011/पार्ट-4 रायपुर, दिनांक 23/9/11

प्रतिलिपि :

1. निज सहायक, माननीय मंत्री जी, छत्तीसगढ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय-रायपुर
2. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय-रायपुर
3. सचिव, छत्तीसगढ शासन, नगरीय प्रशासन विभाग, मंत्रालय-रायपुर
4. सचिव, छत्तीसगढ शासन, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग, मंत्रालय-रायपुर
5. सचिव, छत्तीसगढ शासन, नगरीय प्रशासन विभाग, मंत्रालय-रायपुर
6. आयुक्त, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग, रायपुर
7. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर
8. संचालक, पंचायत एवं समाज सेवा, रायपुर
9. मिशन संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, रायपुर
10. संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर
11. संचालक, जनसंपर्क, रायपुर
11. समस्त कलेक्टर, छत्तीसगढ
11. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, छत्तीसगढ

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

R. Shandilya
उप सचिव
छत्तीसगढ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन
:: आदेश ::

रायपुर, दिनांक

कमांक F13-47/20-3/2011 पार्ट-4/ निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 38 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा धारा 30 के प्रावधानों के परिपालन में निम्नलिखित आदेशित करती है, कि :-

1. **छत्तीसगढ़ राज्य में प्रारंभिक शिक्षा की अवधि में किसी भी स्तर पर कोई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी।**

2. **प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने पर, प्रत्येक बालक को शासन द्वारा निर्धारित प्रमाण-पत्र, संबंधित विद्यालय के द्वारा जारी किया जायेगा ।**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

R. Shandilya
(रीता शांडिल्य)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

पृ.क. F13-47/ /20-3/2011 पार्ट-4 रायपुर, दिनांक 28/8/11

प्रतिलिपि :

1. निज सहायक, माननीय् मंत्री जी, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय-रायपुर
2. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय-रायपुर
3. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन विभाग, मंत्रालय-रायपुर
4. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग, मंत्रालय-रायपुर
5. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन विभाग, मंत्रालय-रायपुर
6. आयुक्त, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग, रायपुर
7. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर
8. संचालक, पंचायत एवं समाज सेवा, रायपुर
9. मिशन संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, रायपुर
10. संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर
11. संचालक, जनसंपर्क, रायपुर
12. समस्त कलेक्टर, छत्तीसगढ़
13. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, छत्तीसगढ़

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

R. Shandilya
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

//आदेश//

रायपुर, दिनांक 23/03/2012

क्रमांक एफ 13-13/20-3/2012. ::: छत्तीसगढ़ निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की कंडिका–34, सहपठित छत्तीसगढ़ निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार नियम, 2010 की कंडिका–29 के अनुक्रम में राज्य शासन, एतद्द्वारा, "राज्य सलाहकार परिषद" का गठन निम्नानुसार किया जाता है:–

(1)	माननीय मंत्रीजी, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग	–	पदेन अध्यक्ष
(2)	सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग	–	पदेन सदस्य सचिव
(3)	सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग	–	पदेन सदस्य
(4)	संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद	–	पदेन सदस्य
(5)	संचालक एवं सदस्य सचिव, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण	–	पदेन सदस्य
(6)	अध्यक्ष, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग	–	पदेन सदस्य
(7)	श्री जफर अहमद, शिक्षाविद् नुरानी चौक, राजातालाब रायपुर (अल्पसंख्यक)	–	नामांकित सदस्य
(8)	श्री छबीलाल टीकम, ग्राम हारम, पोस्ट–गीदम जिला दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ (अ.ज.जा.)	–	नामांकित सदस्य
(9)	श्री भागवत दास अस्तुरे, शिक्षाविद्, गुढ़ियारी, रायपुर (अ.जा.)	–	नामांकित सदस्य
(10)	श्री भोजराम अजगले, ग्रा.पो. सलिहा वि.ख. बिलाईगढ़ जिला बलौदा बाजार, छ0ग0 (अ.जा.)	–	नामांकित सदस्य
(11)	श्रीमती मीता मुखर्जी "आकांक्षा" अवंती विहार रायपुर	–	नामांकित सदस्य
(12)	श्रीमती मीना सिंह, संचालक, "प्रयास" भिलाई, जिला–दुर्ग	–	नामांकित सदस्य
(13)	सिस्टर सरिता, प्राचार्य, होलीक्रास उ.मा.वि.,पेंशनबाड़ा, रायपुर	–	नामांकित सदस्य

(14) श्री एम.पी.यादव, प्राचार्य, दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई — नामांकित सदस्य
जिला दुर्ग

(15) श्री एल.डी.दुबे, सेवानिवृत्त प्राचार्य, शा.बहु.उ.मा.वि.रायपुर — नामांकित सदस्य
शैलेन्द्र नगर रायपुर।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

R. Shandilya

(रीता शांडिल्य)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

क्रमांक एफ 13-13/20-3/2012 — रायपुर,दिनांक 23/03/2012

प्रतिलिपिः—

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय रायपुर।
2. निज सहायक, अध्यक्ष, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, छत्तीसगढ़ रायपुर।
3. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, रायपुर।
4. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, मंत्रालय, रायपुर।
5. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर।
6. संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, छत्तीसगढ़ रायपुर।
7. संचालक, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ रायपुर।
8. संबंधित...

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

R. Shandilya 23.3.12
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय, डी.के.एस.भवन, रायपुर

कमांक एफ-13-19/20-3/2012 रायपुर, दिनांक 13 अप्रेल 2012

प्रति,

1. कलेक्टर,
   समस्त .
2. जिला शिक्षा अधिकारी,
   समस्त
   छत्तीसगढ ।

विषय :- मान्यता प्राप्त नीजि विद्यालयों के द्वारा अधिक शुल्क वसूली पर रोक ।

---:0:---

विभिन्न व्यक्तियों/संगठनों से प्राप्त हो रहे ज्ञापनों तथा समाचार पत्रों के माध्यम से शासन के ध्यान में यह तथ्य लाया गया है, कि प्रदेश में संचालित कतिपय नीजि संस्थाओं के द्वारा शिक्षा को व्यवसायिक रूप में संचालित किया जा रहा है तथा शिक्षण शुल्क, युनिफार्म, पुस्तकें एवं अन्य गतिविधियों के नाम पर मनमाने ढंग से शुल्क वसूली की जा रही है । शिक्षा राज्य का एक महत्वपूर्ण विषय है तथा शासन की यह नीति है, कि प्रदेश में शिक्षा को व्यवसाय के रूप में नहीं, बल्कि सेवा के रूप में संचालित किया जाना चाहिये । राज्य में नीजि संस्थाओं को विद्यालय संचालित करने हेतु मान्यता इस शर्त पर दी जाती है, कि उनके द्वारा विद्यालयों का संचालन "लाभ नहीं-हानि नहीं" के सिद्धांत के आधार पर किया जावेगा ।

2/ निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में प्रावधान है, कि:-

1. प्रत्येक नीजि विद्यालयों के द्वारा प्रति वर्ष अपने विद्यालय के आडिटेड आय-व्यय का ब्यौरा जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत किया जावेगा ।
2. प्रत्येक नीजि विद्यालयों के द्वारा मान्यता प्राप्त करने के आवेदन पत्र के साथ प्रारूप-एक में विद्यालय के उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत किया जावेगा ।
3. प्रत्येक नीजि विद्यालय के द्वारा प्रति वर्ष के लिए निर्धारित शुल्क प्रारूप को प्रकाशित करेगा तथा उसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी की प्रस्तुत करेगा ।

3/ अतः समस्त नीजि विद्यालयों से उपरोक्त बिन्दुओं पर 7 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से जानकारी प्राप्त किया जावे । जिन नीजि विद्यालयों के द्वारा उक्त बिन्दुओं पर जानकारी प्रस्तुत नहीं की जाती है, उन विद्यालयों को एक सप्ताह का कारण बताओं नोटिस जारी कर उनकी मान्यता निरस्त करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावे । जिन विद्यालयों के द्वारा उक्त बिन्दुओं पर जानकारी प्रस्तुत की गई है, उन विद्यालयों के द्वारा प्रस्तुत विवरण का परीक्षण तथा स्थल निरीक्षण जिला स्तर पर वरिष्ट अधिकारियों की 3 सदस्यीय समीति गठित कर किया जावे तथा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर निम्नानुसार कार्यवाही की जावेः-

1. विद्यालय द्वारा प्रस्तुत आय-ब्यय विवरण का परीक्षण कर यह देखा जावे, कि विद्यालय का संचालन 'न लाभ-न हानि' के सिद्धांत पर हो रहा है या नहीं ?
2. विद्यालय द्वारा निर्धारित वार्षिक शुल्क के प्रारूप तथा उनके द्वारा बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का तुलनात्मक परीक्षण किया जावे, तथा यह देखा जावे, कि क्या विद्यालय के द्वारा निर्धारित शुल्क, उनके द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की तुलना में युक्तियुक्त है, या नहीं ? साथ ही यदि किसी विद्यालय द्वारा आगामी शिक्षण सत्र हेतु शिक्षण शुल्क में बृद्धि की गई है, तो ऐसी बृद्धि युक्तियुक्त है अथवा नहीं तथा ऐसी बृद्धि पर संबंधित विद्यालय के पालक समीति से सहमति प्राप्त किया गया है, या नहीं ?
3. निर्धारित शुल्क का परीक्षण करते समय इस बात का भी परीक्षण किया जावे, कि नीजि विद्यालयों के द्वारा पुस्तकों, यूनिफार्म, बस, विकास शुल्क इत्यादि के नाम पर किसी प्रकार की अतिरिक्त फीस तो वसूल नहीं की जा रही है ?
4. यदि उपरोक्तानुसार वर्णित बिन्दुओं में से किसी का भी उलंघन किसी नीजि विद्यालय द्वारा किया जाना पाया जाता है, तो उनके विरुद्ध निःशुल्क तथा अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2010 के प्रावधानों के तहत तत्काल कारण बताओ सूचना जारी करते हुये नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा की गई कार्यवाही की सूचना अनिवार्य रूप से राज्य शासन तथा संबंधित शाला को संबद्धता प्रदान करने वाले बोर्ड को दी जावे ।

कृपया उक्त निर्देशों का पालन कडाई से कराना सुनिश्चित किया जावे ।

(के.आर.पिस्दा) 13/4/10
सचिव
छत्तीसगढ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

पृ.क्रमांक [illegible] 13 [illegible]/2012 रायपुर, दिनांक 13 अप्रेल 2012

प्रतिलिपि:-

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ शासन, मंत्रालय, डी.के.एस.भवन, रायपुर ।
2. विशेष सहायक, माननीय मंत्री, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, छत्तीसगढ शासन, मंत्रालय, डी.के.एस. भवन, रायपुर ।
3. सचिव, छत्तीसगढ शासन, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, मंत्रालय, डी.के.एस.भवन, रायपुर ।
4. आयुक्त, लोक शिक्षण, छत्तीसगढ, रायपुर ।
5. आयुक्त, आदिवासी विकास, छत्तीसगढ, रायपुर ।
6. संभाग आयुक्त समस्त . . . .
7. संचालक, राज्य शैक्षिक, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, छत्तीसगढ, रायपुर ।
8. मिशन संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, छत्तीसगढ, रायपुर ।

की ओर सूचनार्थ अग्रेषित ।

सचिव 13/4/2012

छत्तीसगढ शासन

स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन

स्कूल शिक्षा विभाग

मंत्रालय

दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

// आदेश //

रायपुर, दिनांक .....

कमांक एफ 13–12/20–तीन/2012 :: राज्य शासन एतद् द्वारा निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीट के विरूद्ध प्रवेशित छात्रों के शिक्षण व्यय का निर्धारण निम्नानुसार किया जाता है :–

(1) प्राथमिक शाला के छात्रों के लिए राशि रूपये 7000/– प्रतिछात्र प्रतिवर्ष

(2) अपर प्राथमिक शाला के छात्रों के लिए राशि रूपये 11,400/– प्रतिछात्र प्रतिवर्ष

इसके अतिरिक्त छात्रों को राशि रूपये 250/– (रूपये दो सौ पचास मात्र) पाठ्यपुस्तक तथा राशि रूपये 400/–(रूपये चार सौ मात्र) गणवेश व्यय के भुगतान की सहमति दी जाती है उक्त सहमति इस शर्त पर दी जाती है कि अशासकीय शालाओं को भविष्य में दी जाने वाली उक्त राशि के सदुपयोग सुनिश्चित करने के लिए विभाग मापदण्ड एवं निगरानी के लिए निर्देश जारी करे ।

यह स्वीकृति वित्त विभाग के य.ओ. कमांक 368/1001189/वि.वि ब–3/2012, दिनांक 31.08.2012 द्वारा प्रदान की गई है ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,

(एम.एन. राजूरकर)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

कमांक एफ 13–12/20–तीन/2012 रायपुर, दिनांक

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, रायपुर,
2. प्रमुख सचिव, छ0ग0 शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, रायपुर की ओर यू.ओ. कमांक 368/1001189/वि.वि./ब–3/2012, दिनांक 31.08.2012 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित ।
3. सचिव, छ0ग0 शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, रायपुर,
4. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर (छ0ग0),
5. महालेखाकार छत्तीसगढ़, रायपुर.

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
:: मंत्रालय ::
महानदी भवन, नया रायपुर

---0---

कमांक एफ 13–47/2010/20–3 रायपुर, दिनांक : 07/1/2013

प्रति,

1. **समस्त कलेक्टर,**
   छत्तीसगढ़ ।
2. **मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
   समस्त जिला पंचायत,
   छत्तीसगढ़ ।
3. **समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,**
   छत्तीसगढ़।
4. **समस्त सहायक आयुक्त,**
   आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास विभाग,
   छत्तीसगढ़ ।

विषय :– **पूर्व प्राथमिक शाला (नर्सरी शाला) का विनियमन ।**
संदर्भ :– विभागीय पत्र क्रमांक एफ 13–47/2010/20–3, दिनांक 12.04.2012।

---X---

उपरोक्त विषय में कृपया विभाग के संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, जिसके माध्यम से निःशुल्क तथा अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के क्रियान्वयन के संबंध में यह निर्देश प्रसारित किया गया है, कि अधिनियम के प्रावधानों के तहत सभी निजी विद्यालयों में प्रतिवर्ष पहली कक्षा में प्रवेशित बच्चों की संख्या के न्यूनतम् 25 प्रतिशत सीटों पर कमजोर तथा वंचित समूहों के बच्चों को प्रवेश दिया जाना है । ऐसे विद्यालय जहां पहली कक्षा से पूर्व नर्सरी कक्षाएं भी संचालित है उनमें नर्सरी कक्षा में प्रतिवर्ष प्रवेश के समय भी यह प्रावधान लागू होगा। अतः नर्सरी तथा प्राथमिक कक्षाओं में एक किलोमीटर तथा उच्च प्राथमिक कक्षाओं में 3 किलोमीटर की परीधि के भीतर बच्चों को शालाओं में भर्ती कराया जावे ।

2/– शासन के ध्यान में यह बात लाई गई है, कि मैदानी स्तर पर अधिकारियों में अभी भी स्पष्टता नहीं है, कि नर्सरी शालाओं के लिए अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे या नहीं । अतः उक्त संबंध में परीक्षण उपरांत निम्नानुसार निर्देश दिया जाता है :–

1. राज्य में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 प्रावधान नर्सरी शालाओं के ऊपर भी लागू हैं । अतः समस्त संचालित नर्सरी शालाओं को उक्त अधिनियम की धारा–18 के तहत् मान्यता प्राप्त करना होगा इसके लिए नर्सरी विद्यालय को निर्धारित प्रारूप–एक में सक्षम प्राधिकारी अर्थात् जिला शिक्षा अधिकारी को संपूर्ण जानकारी के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए उन्हें एक माह का समय दिया जावे । वे संस्थाएं जो निर्धारित मापदण्ड पूरा करती हैं, उन्हें निर्धारित प्रारूप–दो में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मान्यता प्रमाण पत्र जारी किया जावे । जो शालाएं उक्त मापदण्डों को पूरा नहीं करती या पूर्व से संचालित होने के बाद भी निर्धारित अवधि तक आवेदन प्रस्तुत नहीं करती, उन्हें आगामी शिक्षण सत्र से अर्थात् जुलाई माह से बंद किया जावे । अवैध रूप से संचालन पाये जाने पर उनके विरूद्ध अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जावे ।

2. निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा–12 के प्रथम परन्तुक में यह प्रावधान है, कि उपरोक्त विद्यालय में से कोई विद्यालय यदि पूर्व शिक्षा (नर्सरी शाला स्तरीय शिक्षा) देता है, तो धारा–12 (1) के खण्ड (क) (ख) एवं (ग) के प्रावधान ऐसे विद्यालयों पर भी लागू होंगे, तथा उन्हें भी शाला संचालन के लिए न केवल अधिनियम के प्रावधानों के तहत् मान्यता प्राप्त करने की आवश्यकता है, बल्कि 25 प्रतिशत् सीटों पर दुर्बल एवं असुविधाग्रस्त समूह के बच्चों को प्रवेश देकर शिक्षा देने की व्यवस्था करनी होगी। ऐसे प्रवेशित बच्चों के ऊपर किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जावेगी, जो कि संबंधित शाला द्वारा किये गये वास्तविक व्यय या शासन द्वारा प्रति छात्र किये जाने वाले वास्तविक व्यय इनमें से जो भी कम हो, के बराबर होगी ।

कृपया उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें ।

(के.आर.पिस्दा) 5/1/2013
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

पृ. कमांक एफ 13–47/2010/20–3 रायपुर, दिनांक 07/1/2013

प्रतिलिपि :–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर ।
2. निज सहायक, माननीय मंत्री जी आदिम जाति, अनुसूचित जनजाति विकास विभाग मंत्रालय, नया रायपुर ।
3. मुख्य सचिव के स्टॉफ ऑफिसर, छत्तीसगढ़ शासन, मंत्रालय, नया रायपुर ।
4. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति, अनुसूचित जनजाति विकास विभाग, मंत्रालय नया रायपुर ।
5. आयुक्त, आदिम जाति, अनुसूचित जनजाति विकास विभाग, पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय परिसर, रायपुर ।
6. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर ।
7. मिशन संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, रायपुर ।
8. संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, शंकर नगर, रायपुर ।
9. गार्ड फाईल ।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सचिव 5/1/2013
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन

स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन,नया रायपुर

// आदेश //

नया रायपुर, दिनांक...9/5/13

कमांक एफ 13–47/2010/20–3 : : राज्य शासन एतद् द्वारा, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में निहित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अशासकीय विद्यालयों हेतु दिशा–निर्देश निर्धारित करने के लिए निम्नानुसार समिति का गठन किया जाता है :–

1	श्री ए.बी.दुबे, सेवानिवृत्त संचालक स्कूल शिक्षा, लक्ष्मी नगर, रायपुर	अध्यक्ष
2	श्री एम.पी.यादव, पूर्व प्राचार्य, डी.पी.एस. रिसाली, भिलाई, जिला दुर्ग	सदस्य
3	डॉ. जवाहर सूरी सेट्टी, संचालक मैक, समता कॉलोनी, रायपुर	सदस्य
4	श्री विजय खण्डेलवाल, प्राचार्य, जे.आर.दानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रायपुर	सदस्य
5	श्री बी.डी.द्विवेदी अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसायटी छत्तीसगढ़ रायपुर	सदस्य
6	श्री प्रवीण मैसेरी, उपाध्यक्ष श्री गुजराती शिक्षण संघ, देवेन्द्र नगर, रायपुर	सदस्य
7	श्री जितेन्द्र सिंह ठाकुर, संचालक, रायल एकेडमी, रायपुर	सदस्य
8	सिस्टर सरिता, प्राचार्य, होली क्रास स्कूल, रायपुर	सदस्य
9	श्री पी.के.बोस, प्राचार्य, युगान्तर स्कूल, राजनांदगांव	सदस्य
10	श्रीमती प्रतिमा अवस्थी, अपर संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन	सदस्य सचिव

2/– यह समिति शिक्षा के अधिकार अधिनियम अंतर्गत अशासकीय शालाओं के संबंध में जारी किए जाने वाले दिशा–निर्देशों विषयक प्रस्ताव एक माह के भीतर राज्य शासन को प्रस्तुत करेंगी ।

3/– समिति की बैठकों हेतु आवश्यक न्यूनतम मूलभूत व्यवस्थाएं मिशन संचालक सर्व शिक्षा अभियान, रायपुर द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी ।

4/– अतिरिक्त मिशन संचालक, सर्व शिक्षा अभियान, समिति की सचिव होंगी ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

9/5/13
(एम.एन.राजूरकर)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग

पृ०क्रमांक एफ 13–47/2010/20–3 नया रायपुर दिनांक 9/5/13

प्रतिलिपिः–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर ।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर।
3. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर ।
4. कलेक्टर, रायपुर–छत्तीसगढ़ ।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर–छत्तीसगढ़ ।
6. गार्ड फाईल ।
7. संबंधित अध्यक्ष/सदस्य..

....

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

9/5/13
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
:: मंत्रालय ::
महानदी भवन, नया रायपुर
===0===

कमांक एफ 13–47/2010/20–3
प्रति,

नया रायपुर, दिनांक 25-7-13

1. **समस्त कलेक्टर,**
   छत्तीसगढ़ ।
2. **समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
   जिला पंचायत, छत्तीसगढ़ ।
3. **समस्त शिक्षा अधिकारी,**
   छत्तीसगढ़ ।
4. **समस्त सहायक आयुक्त,**
   आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग,
   छत्तीसगढ़ ।

विषय :– **6 से 14 आयु वर्ग आयु के समस्त बच्चों के लिए अनिवार्य तथा निःशुल्क शिक्षा से संबंधित अधिनियम अंतर्गत विद्यालय प्रबंध समिति का गठन बाबत्।**
संदर्भ :– विभाग का पत्र क्रमांक एफ 13–47/2010/20–3, दिनांक 11.08.2011

——00——

संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें । निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति **(School Management Committee)** का गठन छत्तीसगढ़ निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम, 2010 की **कंडिका–3** के अंतर्गत किया गया है ।

2/– उक्त विद्यालय प्रबंध समिति की संरचना के संबंध में निम्नानुसार संशोधन किया जाता हैं :–

1. संरचना शीर्षक अंतर्गत **टीप** "विद्यालय प्रबंध समिति में उपर्युक्तानुसार 15 सदस्यों में **से** 50 प्रतिशत अर्थात 8 पदों पर महिला सदस्य होंगी ।" के पश्चात् निम्नांकित **टीप** जोड़ी जाए **"समिति में अलाभित समूह और कमजोर वर्ग के बालकों के माता–पिता या संरक्षकों को समानुपातिक प्रतिनिधित्व दिया जाये ।"**
2. शीर्षक कार्यकाल अंतर्गत "समिति का कार्यकाल शिक्षा सत्र के लिए ही होगा" के स्थान पर **"शाला प्रबंध समिति का कार्यकाल 2 वर्ष 6 माह होगा ।"**

शेष बिन्दु यथावत रहेंगे ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,

R. Shandilya
(रीता शाण्डिल्य)
उप सचिव़
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

पृ.क्रमांक एफ 13–47/2010/20–3 नया रायपुर, दिनांक 25-7-13

प्रतिलिपि :–

1. **विशेष सहायक,** माननीय मंत्रीजी स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर ।
2. **निज सहायक,** माननीय मंत्रीजी आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर ।
3. **अवर सचिव,** छत्तीसगढ़ शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नया रायपुर ।
4. **सचिव,** छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर ।
5. **आयुक्त/संचालक,** लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर ।
6. **आयुक्त,** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर, रायपुर ।
7. **मिशन संचालक,** राजीव गांधी शिक्षा मिशन, रायपुर छत्तीसगढ़ ।
8. **संचालक,** राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, शंकर नगर, रायपुर ।

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

R. Sharma 25/7/13

उप सचिव

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
:: मंत्रालय ::
महानदी भवन, नया रायपुर
===0===

क्रमांक एफ 13–07/2013/20–3 नया रायपुर, दिनांक 2-8-2013

प्रति,

1. संचालक,
   लोक शिक्षण संचालनालय,
   रायपुर ।
2. मिशन संचालक,
   राजीव गांधी शिक्षा मिशन,
   रायपुर,
3. समस्त कलेक्टर,
   छत्तीसगढ़ ।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
   छत्तीसगढ़ ।
5. समस्त सहायक आयुक्त,
   आदिवासी विकास विभाग,
   रायपुर ।

विषय :– शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 निजी स्कूलों में नर्सरी अथवा कक्षा पहली से 25 प्रतिशत सीटों का आरक्षण बाबत् ।

संदर्भ :– विभाग का पत्र क्रमांक एफ 13–47/20/2010/दो, दिनांक 12 अप्रैल, 2010 एवं क्र.एफ 13–47/2010/20–3, दिनांक 07.01.2013 ।

---00---

उपरोक्त विषयातंर्गत संदर्भित पत्र अवलोकन करें, जिसके माध्यम से वर्ष 2010–11 में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के कियान्वयन हेतु निर्देश प्रसारित किया गया है । नये शिक्षा सत्र वर्ष 2013–14 में अधिनियम की धारा 12 के कियान्वयन हेतु पुनः निम्नानुसार निर्देश जारी किये जाते हैं :–

1. निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) में यह प्रावधान है कि प्रत्येक गैर अनुदान प्राप्त निजी शालाओं के द्वारा अपने विद्यालय में नर्सरी अथवा कक्षा पहली में आस–पास के कमजोर वर्ग तथा वंचित समूह के बालकों को नर्सरी अथवा कक्षा पहली के कुल बालकों की संख्या का कम से कम 25 प्रतिशत संख्या में प्रवेश दिया जावेगा । तात्पर्य यह है कि प्रत्येक निजी विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा के स्तर पर नर्सरी अथवा कक्षा पहली में उपलब्ध कुल सीट संख्या का 25 प्रतिशत सीट कमजोर एवं वंचित वर्ग के बालकों के लिए आरक्षित रखा जावेगा तथा प्रति वर्ष नर्सरी अथवा कक्षा पहली में कुल सीट संख्या का 25 प्रतिशत सीट आस–पास के कमजोर एवं वंचित वर्ग के बालकों से भरा जावेगा ।

2. आस–पास के विद्यालय से आशय प्राथमिक शाला के संदर्भ में बसाहट के 1 कि0मी0 के भीतर स्थित विद्यालय तथा पूर्व माध्यमिक शाला के संदर्भ में 3 कि0मी0 की परिधि के भीतर स्थित विद्यालय से होगा । क्षेत्र विशेष में ऐसा हो सकता है कि 1 कि0मी या 3 कि0मी0 के भीतर एक से अधिक निजी, शासकीय या दोनों तरह के विद्यालय हो । यह भी संभव है कि किसी निजी विद्यालय के 1 कि0मी0 के भीतर भौगोलिक रूप से कोई बसाहट न हो ।

3. अधिनियम की धारा 12 के प्रावधानों के अनुसार उपरोक्तानुसार आरक्षण का लाभ केवल वंचित समूह तथा कमजोर वर्ग के लोगों को दिया जाना है। कमजोर वर्ग तथा वंचित समूह को शासन के द्वारा पृथक से अधिसूचित किया गया है, इस तरह अधिनियम की धारा 12 के तहत निजी विद्यालय में नर्सरी अथवा कक्षा पहली के लिए आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों के विरूद्ध प्रवेश की पात्रता केवल उपरोक्त वर्ग के परिवार के बच्चों को ही होगा ।

4. अधिनियम के प्रावधानों के तहत् निजी विद्यालय को मान्यता देने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को सक्षम प्राधिकारी घोषित किया गया है । अतः उपरोक्तानुसार 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर पात्र बच्चों को चयन एवं प्रवेश देने संबंधी कार्यो का संपादन अपने कार्य क्षेत्र के भीतर करने हेतु संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों को अधिकृत किया गया है ।

5. जिला शिक्षा अधिकारियों के द्वारा निःशुल्क तथा अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिनियम 2009 के प्रावधानों का क्षेत्र में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जावे । इस हेतु कार्यशाला, जिला स्तरीय, विकासखण्ड स्तरीय तथा संकुल स्तरीय सम्मेलन तथा कला जत्था आदि की गतिविधियां भी की जाएं ।

6. प्रत्येक निजी शाला में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों के विरूद्ध बच्चों के चयन एवं प्रवेश दिलाने के लिए निजी शालावार एक–एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जावे । नियुक्त आदेश में शाला का नाम तथा उसके आस–पास के बसाहट जो कि उक्त शाला के सेवा क्षेत्र में शामिल है का स्पष्ट उल्लेख किया जावें । प्रत्येक नोडल अधिकारी की जानकारी का आस–पास के क्षेत्र में पर्याप्त प्रचार–प्रसार किया जावे ताकि लोगों को यह ज्ञात हो सके कि उन्हें शाला प्रवेश के लिए किस अधिकारी को आवेदन पत्र प्रस्तुत करना है ।

7. नोडल अधिकारी प्राचार्य, शासकीय हाईस्कूल/हायर सेकेण्डी स्कूल स्तर का होना आवश्यक है । यदि निजी विद्यालय के निकट शासकीय हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल न हो तो प्रधान पाठक, मिडिल स्कूल स्तर का होना आवश्यक है ।

8. प्रत्येक निजी शालावार नोडल अधिकारी की नियुक्ति जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की जावेगी तथा उसकी सूचना निजी शाला प्रबंधन, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा आस–पास के बसाहट, ग्राम पंचायत, नगरी निकाय सहित सर्व संबंधितों को दी जावेगी ।

9. जो पात्र पालक अपने बच्चों को निजी विद्यालय में नर्सरी अथवा कक्षा पहली में आरक्षित 25 प्रतिशत सीट के विरूद्ध भर्ती करना चाहते हैं उनके द्वारा स्थानीय स्तर पर ही नोडल अधिकारी को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जावेगा । आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त, 2013 निर्धारित की जाती है । आवेदन पत्र के साथ पालक को कमजोर वर्ग या वंचित वर्ग का होने संबंधी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा । ऐसा प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय से भी प्राप्त किया जा सकता है, उसे मान्य किया जावे।

10. दिनांक 16.08.2013 तक प्राप्त आवेदन पत्र को नोडल अधिकारी द्वारा सूचीबद्ध किया जावें तथा इस बात का परीक्षण भी किया जावें कि आवेदक परिवार कमजोर वर्ग या वंचित समूह की श्रेणी में आते हैं या नहीं । यदि आवेदक परिवार उक्त श्रेणी में नहीं आते हैं तो उनका आवेदन अमान्य कर उन्हें तत्काल सूचित किया जावे तथा सूचना फलक पर भी दें ।

11. सभी पात्र परिवारों के बच्चों की संख्या आरक्षित 25 प्रतिशत सीट से कम है तो आवेदित सभी बच्चों का प्रवेश निजी विद्यालय में कराया जावे लेकिन यदि बच्चों की संख्या उक्त विद्यालय में आरक्षित सीट संख्या से अधिक है तो संबंधित पालकों की बैठक आयोजित कर उपलब्ध सीट संख्या के अनुरूप पालकों से लॉटरी निकाल कर वांछित संख्या में बच्चों का चयन किया जावे । लॉटरी निकालने का कार्य पारदर्शी तरीकें से किया जावे । यह कार्यवाही दिनांक 19.08.2013 को पूर्ण कर लिया जावें ।

12. आरक्षित सीट के विरूद्ध प्रवेशित बच्चों की सूची तथा संख्या की जानकारी नोडल अधिकारी द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत की जावेगी । विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 21.08.201: तक पूरे विकासखण्ड में प्रवशित बच्चों की शालावार जानकारी तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी जावेगी । जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले में 25 प्रतिशत आरक्षित सीट के विरूद्ध प्रवेशित बच्चों की शालावार जानकारी तैयार कर राज्य को भेजी जावेगी।

13. अधिनियम की धारा 12 (2) के प्रावधानों के अनुसार 25 प्रतिशत सीट के विरूद्ध प्रवेशित बच्चों के शिक्षण व्यय का भुगतन राज्य शासन द्वारा किये जाने का प्रावधान है । प्रति छात्र शिक्षण व्यय का निर्धारण राज्य शासन द्वारा किया जावेगा । अतः जिला शिक्षा अधिकारी शालावार बच्चों की जानकारी शासन को भेजते समय संबंधित शाला द्वारा निर्धारित शुल्क के अनुसार कुल प्रवेशित छात्रों के लिए वास्तविक मांग राशि की जानकारी भी भेजें । यह पुन स्पष्ट किया जाता है कि राज्य शासन द्वारा प्रति छात्र व्यय की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा निर्धारित दर या शाला द्वारा निर्धारित दर, इनमें से जो कम हो, के आधार पर की जावेगी । अतएव् निजी विद्यालयों की शुल्क के आधार पर वास्तविक मांग राशि की जानकारी भी अनिवार्य रूप से भेजने की व्यवस्था करें ।

14. यदि दिनांक 24.08.2013 तक 25 प्रतिशत आरक्षित सीट के विरूद्ध शैक्षणिक संस्था को कोई प्रस्ताव नोडल अधिकारी से प्राप्त नहीं होता है तो उक्त आरक्षित सीटों को आरक्षण से मुक्त माना जायेगा । ऐसे मुक्त किये गये सीटों पर विद्यालय को अपने नियमों के तहत अपने द्वारा चयनित बच्चों को प्रवेश देने का अधिकार होगा ।

कृपया उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करें ।

R. Sharma

(रीता शाण्डिल्य)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

पृ.क्रमांक [redacted] 20-13 नया रायपुर, दिनांक : 02-08-2013

प्रतिलिपि :-

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी,, स्कूल शिक्षा मंत्रालय, नया रायपुर ।
2. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी,, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, मंत्रालय, नया रायपुर ।
3. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर ।
4. आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर, रायपुर ।
5. समस्त संभागायुक्त छत्तीसगढ़ ।
6. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, छत्तीसगढ़ ।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

R. Shukla

उप सचिव

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

University of Educatnal Planning and Administration
Acc. No. D-4972
Date: 17-08-2016
Docunenation Centre

NUEPA DC
D14972